'राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक समाचार पत्र'

# समाचार गेट

वर्ष 01, अंक 75 पृष्ठ 08 **मूल्य 1 रूपये** वीरवार, 30 मई 2024 **TITLE CODE : HARHIN11569**

रोहतक में राज्यसभा सांसद सुभाष बराला की प्रेसवार्ता :

## वोट प्रतिशत कम होने के बाजवूद भी बड़े मार्जिन से 10 की 10 सीटें जीत रही है भाजपा : बराला

**लोकसभा चुनाव में भाजपा के कार्यकर्ताओं ने जी जान से मेहनत की : बराला**

**4 जून के बाद कांग्रेस ईवीएम पर फोड़ेगी अपनी हार का ठीकरा : बराला**

**मतदान कम होना राजनीतिक पार्टियों के लिए समीक्षा का विषय**

**सुभाष बराला ने प्रचंड गर्मी में मतदान करने के लिए जनता का जताया आभार, कार्यकर्ताओं की भी थपथपाई पीठ**



**समाचार गेट ब्यूरो**

**चंडीगढ़।** लोकसभा चुनाव प्रबंधन समिति के संयोजक एवं राज्यसभा सांसद सुभाष बराला ने रोहतक में दावा करते हुए कहा कि निश्चित तौर पर भाजपा 10 की 10 लोकसभाओं के साथ-साथ करनाल विधानसभा उपचुनाव को बड़े मार्जिन से जीत रही है। उन्होंने यह भी कहा कि पिछले चुनावों की अपेक्षा इस बार मतदान कम हुआ है यह सभी राजनीतिक पार्टियों के लिए समीक्षा का विषय है। श्री बराला बुधवार को रोहतक स्थित पार्टी प्रदेश कार्यालय मंगल कमल में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। यहां श्री बराला ने कांग्रेस पर भी तंज कसा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने चुनाव में झूठ बोलकर मतदाताओं और समाज को गुमराह करने का खूब प्रयास किया, लेकिन ना तो मतदाता इनके झांसे में आया और ना ही वोटरों ने कांग्रेस की बातों पर विश्वास किया। प्रेसवार्ता के दौरान श्री बराला ने तपती गर्मी में 25 मई को हुए मतदान के लिए जनता का आभार जताया। वहीं उन्होंने मीडियाकर्मियों का भी धन्यवाद किया कि उन्होंने ईमानदारी से काम करते हुए सही बातें लोगों तक पहुंचाई।

सुभाष बराला ने भाजपा के कार्यकर्ताओं की भी जमकर तारीफ की। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ताओं ने चुनाव में पूरी जी जान से मेहनत की है, इसके लिए सभी कार्यकर्ता धन्यवाद के पात्र हैं। चुनाव प्रबंधन से जुड़े कार्यकर्ताओं की प्रशंसा करते हुए श्री बराला ने कहा कि चाहे प्रधानमंत्री मोदी की रैली हो या फिर केंद्रीय मंत्री अमित शाह, राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, केंद्रीय मंत्रियों व मुख्यमंत्री की रैलियों व संगठन से जुड़े कार्यक्रमों को कार्यकर्ताओं ने उत्साहपूर्वक संपन्न कराया है।

कार्यकर्ताओं की प्रशंसा करते हुए राज्यसभा सांसद ने कहा कि कार्यकर्ताओं ने घर-घर जाकर सरकार की योजनाओं का प्रचार किया और घर-घर जाकर मतदान की पर्ची बांटने तक का काम किया है। चुनाव के दौरान हर बूथ पर लगभग 14 हजार 500 बैठकें हुई इसके अलावा लगभग 16 हजार बूथों पर डोर टू डोर कार्यक्रम संपन्न हुए। कार्यकर्ताओं के कारण जनता का झुकाव भाजपा की तरफ रहा। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार ने 10 सालों में गांव, गरीब, किसान, मजदूर, महिला, व्यापारी सभी के कल्याण के लिए काम किया है।

श्री बराला ने कहा कि कोरोना महामारी के दौरान दुनिया की अर्थव्यवस्था डगमगाई, लेकिन पीएम मोदी के कुशल नेतृत्व में भारत की अर्थव्यवस्था मजबूत हुई। हमारा आधारभूत ढांचा लगातार मोदी सरकार मजबूत करती रही। हरियाणा में भाजपा सरकार ने पारदर्शी शासन व्यवस्था लागू की जिसका फायदा युवाओं को मिला। बिना पर्ची और बिना खर्ची के युवा मैरिट के आधार पर नौकरी लगे। उन्होंने कहा कि जनता मोदी सरकार की योजनाओं से खुश है, इसलिए जनता ने और खासकर युवाओं ने भाजपा के पक्ष में मतदान किया है।

पत्रकार द्वारा पूछे गए एक सवाल पर बोलते हुए श्री बराला ने कहा कि 2019 के मुकाबले इस बार लगभग 4 प्रतिशत मतदान कम रहा है। हालांकि मतदान ज्यादा होना चाहिए था। उन्होंने दावा करते हुए कहा कि मतदान कम होने के बावजूद भी भाजपा 10 प्लस एक सीट 100 प्रतिशत जीत रही है। एक अन्य सवाल पर श्री बराला ने कहा कि चुनाव के दौरान कर्मचारियों या अधिकारियों की कोई लापरवाही का मामला है तो जांच के बाद कड़ी कार्रवाई होगी।

ईवीएम पर पूछे गए एक अन्य सवाल पर बोलते हुए श्री बराला ने कांग्रेस को घेरते हुए कहा कि नाच न जाने आंगन टेड़ा वाली बात कांग्रेस पर चरितार्थ हो रही है। देश और प्रदेश में सही तरह से कांग्रेस ने अभियान चलाया नहीं। कौन प्रधानमंत्री बनेगा इसकी चर्चा तक विपक्ष ने नहीं की। अब विपक्ष के पास हार का ठीकरा फोड़ने के लिए ईवीएम ही बची है। झूठ बोलना कांग्रेस की फितरत रही है। चुनाव में कांग्रेस ने खूब झूठा बोला कि भाजपा की सरकार बनी तो संविधान खत्म हो जाएगा, लेकिन जनता कांग्रेस के बहकावे में नहीं आई।

सरपंचों के बारे में पूछे गए सवाल पर सुभाष बराला ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सैनी की सरपंच प्रतिनिधियों से बातचीत हुई है। ई-टैंडरिंग के मामले में अगर कोई त्रुटि है तो सरकार उसे दूर करेगी। उन्होंने कहा कि गांवों का विकास कराने के लिए नायब सरकार प्रतिबद्ध है। इस मौके पर प्रदेश मीडिया सह प्रभारी शमशेर सिंह खरक, भाजपा प्रदेश कोषाध्यक्ष अजय बंसल, जिला अध्यक्ष एडवोकेट रणवीर सिंह ढाका रोहतक के पूर्व महापौर मनमोहन गोयल, जिला उपाध्यक्ष पंकज छाबड़ा, पूर्व नगर निगम पार्षद अमित बंसल, धर्मेंद्र सैनी आदि उपस्थित रहे।

## नियमों के विरुद्ध शहरों में बनी चौथी मंजिल ढहानी होगी, नए आदेशों से हड़कंप

**जब मनोहर लाल मुख्यमंत्री थे तो चार मंजिला निर्माण को मंजूरी दी गई थी और नीति बनाई थी. लेकिन बाद में इस मामले पर विवाद हो गया. 23 फरवरी 2023 को विभाग के तत्कालीन महानिदेशक ने नीति पर रोक लगा दी थी.**



**समाचार गेट ब्यूरो**

**चंडीगढ़।** हरियाणा के भवन मालिकों से जुड़ी अहम खबर है. सरकार ने भवन निर्माण से जुड़े अहम आदेश जारी किए हैं. आधिकारिक तौर पर ये आदेश जारी किए गए हैं. टाउन एंड कंट्री प्लानिंग ने नए आदेश दिए हैं. हरियाणा सरकार ने शहरी क्षेत्रों में चौथी मंजिल पर निर्माण के संबंध में चल रहे विवाद में बड़ा फैसला लिया है.

नए आदेश के तहत अब चौथी मंजिल बनाने वाले बिल्डरों और भवन मालिकों को अवैध निर्माण पर खुद ही बुलडोजर चलाना होगा. आदेशों में कहा गया है कि भवनों को पहले वाली मूल स्थिति में लाना होगा. बड़ी बात है कि चौथी मंजिल की खरीद फरोख्त भी अब नहीं की जा सकेगी. नगर और आयोजना विभाग के महानिदेशक की तरफ से मंगलवार को ये आदेश जारी किए गए हैं. बता दें कि जब मनोहर लाल मुख्यमंत्री थे तो चार मंजिला निर्माण को मंजूरी दी गई थी और नीति बनाई थी. लेकिन बाद में इस मामले पर विवाद हो गया. 23 फरवरी 2023 को विभाग के तत्कालीन महानिदेशक ने नीति पर रोक लगा दी थी. अब स्टिल्ट प्लस चार मंजिला भवनों के निर्माण और ऑक्युपेशन के लिए सर्टिफिकेट जारी करने वालों पर कानूनी होगी.

नोटिफिकेशन में लिखा गया है कि हरियाणा में 23 फरवरी 2023 से पहले बिना मंजूरी के चौथी मंजिल बनाने वालों पर यह कार्रवाई होगी. निर्देश में कहा गया है कि अब ऐसी इमारत के लिए कोई व्यवसाय प्रमाणपत्र जारी नहीं दिया जाएगा. साथ ही सुनिश्चित करना होगा कि सभी व्यवसाय प्रमाणपत्र हरियाणा बिलडिंग कोड-2017 के नियमों के अनुसार हैं. साथ ही कहा गया है कि नियमों की उल्लंघना वाले ऑर्किटैक्टचर्स को ब्लैक लिस्ट किया जाएगा.

## कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष चौधरी उदयभान ने दिया खट्टर को जवाब

**समाचार गेट ब्यूरो**

**गुरुग्राम, 29 मई।** कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष चौधरी उदयभान ने आज गुरुग्राम में महत्वपूर्ण पत्रकार वार्ता को संबोधित किया. इस मौके पर विधानसभा में कांग्रेस के डिप्टी लीडर आफताब अहमद और पूर्व मंत्री सुखबीर कटारिया भी मौजूद रहे.



चौधरी उदयभान ने कहा- सबसे पहले गुड़गाँव के बादशापुर विधानसभा से विधायक भाई राकेश दौलताबाद जी के निधन पर हम ख़िराज ए अक़ीदत पेश करते हैं- इस दु:ख की घड़ी में कांग्रेस पार्टी उनके परिवार के साथ खड़ी है।

पुर्व मुख्यमंत्री श्री मनोहर लाल खट्टर जी ने गुड़गाँव में पत्रकार वार्ता कर अपनी सरकार की उपलब्धियों का व्याख्यान किया लेकिन पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल जी जानते हैं कि उन्हें अपना कार्यकाल पूरा किए बिना ही बीच में ही हटाया गया था और उनकी मुख्य उपलब्धियां वो गिनाना भूल गए थे, जिन्हें हम आपसे साझा करता हूँ:

किसानों पर गोली चलवाना- लाठी डंडे मारना उनके रास्तों में कील गाड़ना सैंकड़ों किसानों की मौत के मुख्य दोषी वो रहे!

युवाओं को रिकॉर्ड तोड़ बेरोज़गारी देने वाले किस मुँह से अपनी मुँह मियाँ मिट्ठू बन रहे हैं? आज़ादी के बाद से सर्वाधिक बेरोज़गारी दर इस बीजेपी सरकार में सामने आई है!

पंच सरपंच पार्षदों को सड़कों पर पीटने वाले मुख्यमंत्री कौन थे- खट्टर जी ही थे- ये उपलब्धि बताना वो भूल गए आपको बताना।

आंगनवाड़ी- मिड डे मील वर्कर्स- आशा वर्कर्स कच्चे कर्मचारी सड़कों पर संघर्षरत हैं- दस साल से उनका समाधान नहीं कर पाए। हरियाणा की सड़कें खून से सनने लगी है- गुण्डों ने कारोबारियों को वसूली के लिए डराना धमकाना और मारना आम हो चला है- प्रदेश की एक पार्टी के अध्यक्ष को किस तरह इस सरकार में गोलियों से छलनी किया गया- कौन भूला है।

पूर्व मुख्यमंत्री खट्टर के राज में जितना भ्रष्टाचार हुआ- सभी रिकॉर्ड तोड़ गया।

एक विफल मुख्यमंत्री जिन्हें उनकी विफलताओं के कारण बीच में ही उनकी ही पार्टी ने हटा दिया गया हो वो कैसे अपनी पीठ खुद थपथपा सकते हैं?

करप्शन और क्राइम को बीजेपी राज में मिला बढ़ावा।

अल्पमत में हैं मौजूदा बीजेपी सरकार- पहले ही बहुमत नहीं मिला था इन्हें- ठगबंधन करके राज चलाया जिसमें हर वर्ग को ठगा गया- जनता का विश्वास पहले ही खो चुके थे अब विधायकों का भी विश्वास खो चुकी है। तीन विधायकों ने लिखित में समर्थन वापस लेने की घोषणा के बाद मौजूदा सरकार अल्पमत मे हैं। इनके पास सदन में बहुमत नहीं है- क्यों अभी तक फ्लोर टेस्ट कर बहुमत साबित नहीं किया। हम राज्यपाल महोदय तक पहुँचे थे.

विपक्ष के नेता ने पत्र लिखकर माँग उठाई थी कि नायब सैनी सरकार अल्पमत में हैं- फिर माँग करते हैं कि सत्र बुलाकर अपना बहुमत साबित करें या राष्ट्रपति शासन लगा कर तत्काल चुनाव कराए जायें। हम आश्वस्त हैं कि सरकार बिल्कुल अल्पमत में हैं।

रही बात उनका ये कहना कि विपक्ष में मतभेद हैं: पूर्व मुख्यमंत्री अपनी पार्टी के बारे में बतायें कि कितनी एक जुट है- पूर्व ग्रह मंत्री के ब्यान आते रहते हैं- इनके प्रत्याशियों का कितनी ही जगह इनकी पार्टी के नेताओं ने विरोध किया ये जगज़ाहिर है। बीजेपी के तो लोगों में मनभेद है- उन्हें विपक्ष की चिंता छोड़ अपनी अल्पमत की सरकार की चिंता करनी चाहिए।

**रोहतक- सिरसा सहित कई सीटों पार बोगस वोटिंग का रोना रो रही है बीजेपी:**

क्योंकि इन्हें हार साफ़ नज़र आ गई है। जनता ने नकार दिया है इन्हें। पूर्ण रूप से जनता ने शांति से इस चिलचिलाती गर्मी में वोट डाला है- जनता बधाई की पात्र है- उनका सम्मान बीजेपी नेताओं को करना चाहिए लेकिन बोगस वोटिंग का आरोप लगाकर जनता का अपमान कर रहे हैं पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल, उन्हें ऐसा बयान नहीं देना चाहिए और इसे वापस लेना चाहिए।

सरकारी मशीनरी विपक्ष के हाथ में खेल गई- ऐसा आरोप लगाना बीजेपी की हताशा का प्रतीक है और सूचक है कि हार के लिए वो अपने बहाने तैयार करने में जुटें हैं। बीजेपी ने हरियाणा में हार मान ली है।

कांग्रेस पार्टी प्रदेश की आवाम के साथ साथ सभी कर्मचारियों- अधिकारियों का चुनाव में अपनी अपनी भूमिका इस भीषण गर्मी में निभाने के लिए धन्यवाद करती है।

## प्रदेश में लोकसभा चुनाव का औसतन मतदान 64.80 प्रतिशत हुआ दर्ज

**सिरसा में सर्वाधिक 69.77 प्रतिशत हुआ मतदान-अनुराग अग्रवाल**

**सभी विधानसभा क्षेत्रों में 60 प्रतिशत से अधिक हुआ मतदान**



**समाचार गेट ब्यूरो**

**चंडीगढ़।** हरियाणा के मुख्य निर्वाचन अधिकारी अनुराग अग्रवाल ने कहा कि लोकसभा आम चुनाव 2024 के 25 मई को हरियाणा में हुए छठे चरण में मतदान प्रतिशत 64.80 रहा। मतों की गणना चुनाव आयोग के अनुसार देश में 4 जून को होगी। राज्य में मतगणना सुचारू रूप से हो इसके लिए पुख्ता प्रबंध किए गए हैं। ईवीएम स्ट्रांग रूम में दो लेयर की सुरक्षा व्यवस्था की गई है।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि हिट वेव के चलते मतदान प्रतिशतता पिछले चुनाव की अपेक्षा थोड़ी कम रही है। फिर भी हरियाणा के मतदाताओं ने निष्पक्ष व पारदर्शी तरीके से चुनाव संपन्न करवाने में आयोग के कर्मचारियों पूरा सहयोग दिया है। इसके लिए वे बधाई के पात्र हैं। उन्होंने बताया कि सिरसा 03 लोकसभा क्षेत्र में सर्वाधिक मतदान प्रतिशतता 69.77 दर्ज की गई और इसमें 13 लाख 51 हजार 932 मतदाताओं ने अपने मतों का प्रयोग किया, जिनमें 7 लाख 29 हजार 125 पुरुष, 6 लाख 22 हजार 786 महिला तथा 21 अन्य श्रेणी के मतदाता शामिल हैं। जबकि सिरसा में कुल मतदाताओं की संख्या 19 लाख 37 हजार 689 थी।

इसी प्रकार अंबाला 01 लोकसभा क्षेत्र में 13 लाख 44 हजार 503 मतदाताओं ने किया और यहां मतदान प्रतिशत 67.43 दर्ज किया गया, जिनमें 7 लाख 23 हजार 622 पुरुष तथा 6 लाख 20 हजार 875 महिला और 6 अन्य श्रेणी के मतदाता शामिल हैं। जबकि अंबाला में मतदाताओं की कुल संख्या 19 लाख 96 हजार 708 थी। उन्होंने बताया कि कुरुक्षेत्र 02 लोकसभा क्षेत्र में मतदान प्रतिशत 67.01 रहा, जिनमें 6 लाख 36 हजार 532 पुरुष, 5 लाख 65 हजार 857 महिला तथा 12 अन्य श्रेणी के मतदाताओं ने अपने मत का प्रयोग किया। जबकि यहां कुल मतदाताओं की संख्या 17 लाख 94 हजार 300 थी। हिसार 04 लोकसभा क्षेत्र में मतदान प्रतिशत 65.27 रहा, जिनमें 6 लाख 36 हजार 644 पुरुष तथा 5 लाख 32 हजार 137 महिला मतदाताओं ने अपने मत का प्रयोग किया। हिसार में 11 लाख 68 हजार 784 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया, जबकि मतदाताओं की कुल संख्या 17 लाख 90 हजार 722 थी। यहां तीन अन्य श्रेणी के मतदाताओं ने अपने मत का प्रयोग किया। जबकि यहां मतदाताओं की कुल संख्या 17 लाख 90 हजार 722 थी। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि करनाल 05 लोकसभा क्षेत्र में मतदाताओं की कुल संख्या 21 लाख 4 हजार 229 थी, जिनमें से 13 लाख 41 हजार 174 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया और मतदान प्रतिशत 63.74 रहा। करनाल में 7 लाख 21 हजार 745 पुरुष व 6 लाख 19 हजार 410 महिला मतदाताओं के अलावा 19 अन्य श्रेणी के मतदाताओं ने चुनाव का पर्व-देश का गर्व में भाग लिया।

इसी प्रयास सोनीपत 06 लोकसभा क्षेत्र में मतदान प्रतिशत 63.44 दर्ज हुआ और कुल 11 लाख 20 हजार 791 मतदाताओं ने मत का प्रयोग किया, जिनमें 6 लाख 10 हजार 295 पुरुष, 5 लाख 10 हजार 488 महिला तथा 8 अन्य श्रेणी के मतदाता शामिल हैं। जबकि यहां मतदाताओं की कुल संख्या 17 लाख 66 हजार 624 थी।

रोहतक 07 लोकसभा क्षेत्र में 12 लाख 41 हजार 201 मतदाताओं ने अपने मत का प्रयोग किया, जिनमें 6 लाख 68 हजार 815 पुरुष, 5 लाख 72 हजार 384 महिला व अन्य श्रेणी के दो मतदाता शामिल हैं। यहां मतदान प्रतिशत 65.68 रहा। जबकि यहां मतदाताओं की कुल संख्या 18 लाख 89 हजार 844 थी।

इसी प्रकार से भिवानी-महेंद्रगढ़ 08 लोकसभा क्षेत्र में मतदान प्रतिशत 65.39 रहा और 11 लाख 72 हजार 526 मतदाताओं ने अपने मत का इस्तेमाल किया, जिनमें 6 लाख 27 हजार 622 पुरुष, 5 लाख 44 हजार 903 महिला तथा एक अन्य श्रेणी का मतदाता शामिल है। जबकि यहां पर मतदाताओं की कुल संख्या 17 लाख 93 हजार 29 थी। उन्होंने बताया कि गुड़गांव 09 लोकसभा क्षेत्र में प्रदेश में सर्वाधिक 15 लाख 96 हजार 240 मतदाताओं ने मत का प्रयोग किया, हालांकि यहां मतदान प्रतिशत 62.03 रहा। यहां 8 लाख 58 हजार 499 पुरुष, 7 लाख 37 हजार 734 महिला तथा 7 अन्य श्रेणी के मतदाताओं ने मत का प्रयोग किया। जबकि यहां पर मतदाताओं की कुल संख्या सर्वाधिक 25 लाख 73 हजार 411 थी।

इसी तरह से फरीदाबाद 10 लोकसभा क्षेत्र में मतदाताओं की कुल संख्या 24 लाख 30 हजार 212 थी। यहां मतदान प्रतिशत 60.52 रहा। यहां 14 लाख 70 हजार 649 मतदाताओं ने अपने मत का प्रयोग किया, जिनमें 8 लाख 14 हजार 402 पुरुष, 6 लाख 56 हजार 241 महिला तथा 6 अन्य श्रेणी के मतदाता शामिल हैं।

## भाजपा राष्ट्रीय सचिव औमप्रकाश धनखड़ ने की मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी से मुलाकात



**समाचार गेट ब्यूरो**

**चंडीगढ़, 29 मई।** भाजपा के राष्ट्रीय सचिव औम प्रकाश धनखड़ ने बुधवार को चंडीगढ़ में मुख्यमंत्री निवास संत कबीर कुटीर में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी से मुलाकात की। लोकसभा चुनाव के दौरान मैराथन प्रचार और मतदान उपरांत प्रदेश के राजनीतिक परिदृश्य सहित अन्य विषयों पर सार्थक चर्चा हुई। उल्लेखनीय है कि भाजपा राष्ट्रीय सचिव श्री धनखड़ लोकसभा चुनाव में देश की राजधानी दिल्ली के प्रभारी का भी दायित्व निभा रहे हैं। इसलिए दिल्ली और हरियाणा दोनों राज्यों में श्री धनखड़ ने दिन रात एक करते हुए पार्टी का प्रचार किया। दोनों नेताओं के बीच लोकसभा चुनाव में हरियाणा और दिल्ली में पार्टी की चुनावी परफॉर्मेंस को लेकर चर्चा हुई। दोनों नेताओं ने कहा कि दिल्ली और हरियाणा में सभी 17 लोकसभा क्षेत्रों और करनाल विधानसभा क्षेत्र के उपचुनाव में कमल खिल रहा है। हरियाणा की जनता ने मोदी जी को फिर से पीएम बनाने का मन बना लिया था। इसलिए चुनाव में जनता ने दिल खोलकर भाजपा को वोट दिए हैं।

**संगठन की ताकत और कार्यकर्ताओं की मेहनत से भाजपा काफी आगे**

चर्चा के दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि हरियाणा भाजपा का संगठन दूसरे दलों के मुकाबले बहुत मजबूत है, इसका चुनाव में साफ असर दिखाई दिया। भाजपा का कार्यकर्ता हर बूथ जीतने के लिए मेहनत कर रहा था, वही कांग्रेस और अन्य दलों के एजेंट भी बूथों पर नजर नहीं आए। पिछले साढ़े चार वर्षो में संगठन को नया स्वरूप दिया गया, मेहनती कार्यकर्ता को मान सम्मान देते हुए आगे बढ़ाया गया। साढ़े तीन लाख सक्रिय कार्यकर्ता तैयार किए गए। यही बड़ा अंतर अब चुनाव परिणाम में दिखाई देगा और सभी 11कमल खिल रहे हैं।

अब हरियाणा विधान सभा चुनाव की तैयारी

धनखड़ ने कहा कि भाजपा का कार्यकर्ता कभी आराम नहीं करता और हरियाणा विधान सभा चुनाव की तैयारियों में जुट गया है। हरियाणा में भी लगातार तीसरी बार भाजपा की सरकार बनानी है। हरियाणा की जनता भाजपा सरकार की नीतियों से खुश है और प्रदेश के विकास की गति को बनाए रखने के लिए डबल इंजन की सरकार बनाएगी। दोनों नेताओं ने सफलतापूर्वक चुनाव के लिए प्रदेश की जनता और पार्टी कार्यकर्ताओं का धन्यवाद किया।

# यातायात पुलिस टीम ने विशेष अभियान के तहत ऑटो चालकों के बिना वर्दी एवं यूनिक कोड के 161 चालान कर 73 ऑटो को किया इम्पाउंड

**समाचार गेट ब्यूरो**

**फरीदाबाद।** पुलिस उपायुक्त यातायात उषा के द्वारा दिए गए दिशा निर्देशानुसार कार्रवाई करते हुए इंस्पेक्टर दर्पण कुमार ने अपनी टीम के साथ पिछले 2 दिन में बिना वर्दी व यूनिक कोड के ड्राइव कर यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले ऑटो ड्राइवरो के चालान व इम्पाउंड किया है। पुलिस उपायुक्त यातायात ने बताया कि यातायात पुलिस टीम समय-समय पर यातायात नियमों के संबंध में वाहन चालकों को जागरुक करने के लिए प्रोग्राम करती है। इसी के निरंतर में ऑटो चालाकों को जगरुक करते हुए ड्रेस कोडए यूनिक कोड व निर्धारित ऑटो स्टैण्ड के संबंध में जागरुक किया जा चुका है। यूनिक कोड में ऑटो रिक्शा चालक का फोटो और उसका संक्षिप्त जानकारी होती है। इस नंबर पर क्लिक के साथ ही डायल 112 के स्क्रीन पर ऑटो



चालक की जानकारी सामने आ जाती है। यातायात पुलिस के द्वारा विशेष अभियान के तहत चेकिंग की जा रही थी जिसमें ऑटो चालक यातायात नियमों का उल्लघंन करते मिले जिनके ऑटो के चालान किए गए है। जिसमें पिछले 2 दिन में 161 ऑटो चालाको का चालान करके 73 ऑटो को इम्पाउंड किया गया है। उन्होने बताया कि सभी ऑटो चालकों को यूनिक आइडेंटिफिकेशन नंबर प्लेट लगाना अनिवार्य है। जिसके द्वारा आम नागरिकों एवं महिलाओं की सुरक्षा को सुनिश्चित करने में सहायता प्राप्त होती है। यातायात पुलिस के द्वारा विशेष अभियान के तहत ऑटो वाहनों चालकों की लगातार चेकिंग की जा रही है तथा भविष्य में यदि कोई चालक यातायात नियमों का उल्लंघन करता हुआ पाया गया तो चालान के साथ साथ वाहन भी इम्पाउंड किया जा सकता है ।

# फरीदाबाद में जानलेवा बनी गर्मी, एक दिन में तीन लोगों की मौत, अब तक सात लोगों की जा चुकी है जान

**समाचार गेट ब्यूरो**

**फरीदाबाद।** भीषण गर्मी अब जान पर बन आई है। बुधवार को तीन लोगों की मौत हो गई। पुलिस आशंका जता रही है कि इनकी मौत का कारण गर्मी है। बता दें दो दिन पहले भी तीन लोगों की मौत गर्मी से हो गई थी। बीते दिन भी एक युवक की मौत हो गई थी।

हालांकि इस मामले में कंपनी प्रबंधन पर लापरवाही का आरोप लगा है, लेकिन पुलिस आशंका जता रही है कि युवक की मौत का कारण गर्मी हो सकता है। तीन दिन में सात लोगों की मौत होने से प्रशासन में हलचल पैदा हो गई है।

शराब ठेके के पास मिले दो शव

थाना मुजेसर पुलिस ने बुधवार को बल्लभगढ़.सोहना रोड सरुरपुर चौक के पास खाली प्लाट में दो अज्ञात शव बरामद किए। बगल में शराब ठेका था। पुलिस ने दोनों के



शव बादशाह खान नागरिक अस्पताल में रखवा दिए हैं। इस मामले के जांच अधिकारी कृष्णलाल ने बताया कि शुरुआती जांच में लग रहा है कि एक की उम्र करीब 50 तो दूसरे की 30 साल प्रतीत हो रही है।

दोनों की मौत गर्मी की वजह से हुई है। क्योंकि दोनों खुले में पड़े हुए थे। गर्मी भी भीषण पड़ रही है। दोनों शव की शिनाख्त के प्रयास किए जा रहे हैं। इसके अलावा संजय कालोनी में मनोज नामक दिव्यांग युवक की अपने रिक्शा पर बैठे हुए मौत हो गई। पुलिस इसकी मौत का कारण भी गर्मी मान रही है।

**दो दिन पहले हुई तीन मौत**

सेक्टर.12 ओजोन कन्वेंशन सेंटर के पास पेड़ के नीचे एक व्यक्ति का शव बरामद किया गया था। इसके अलावा नेहरू कालोनी में रहने वाला एक व्यक्ति भी मृत मिला। वह बर्फ बेचने का काम करता था लेकिन आसपास के लोगों को उसका नाम नहीं पता। यह आशंका व्यक्त की जा रही है कि गर्मी की वजह से उसकी मौत हुई है। इसके अलावा सूरदास कालोनी में रहने वाला 49 वर्षीय रमाशंकर एक निजी स्कूल में गार्ड था।

उसका शव सोमवार को स्कूल के पास मिला। वह बीमार भी था। पुलिस अंदाजा लगा रही है कि उसकी मौत का कारण अत्यधिक गर्मी हो सकती है। इसके अलावा मंगलवार को नंगला एन्क्लेव पार्ट दो, सुभाष चौक पर रहने वाले एक 22 वर्षीय युवक की उद्योग में काम करते समय तबीयत बिगड़ गई थी।

उद्योग से दो कर्मी उसे बाइक पर बिठाकर उसके घर ले आए। यहां दरवाजे पर ताला लगा होने की वजह से उसे बाहर बिठाकर चले गए। बाद में युवक की मौत हो गई। हालांकि पुलिस ने परिजन की शिकायत पर कंपनी प्रबंधन पर लापरवाही से मौत होने का मुकदमा दर्ज किया है।

# एसवीएसयू के 11 विद्यार्थियों की हुई प्लेसमेंट

## कुलपति डॉ. राज नेहरू ने सौंपे नियुक्ति पत्र, चयनित विद्यार्थियों को दी बधाई



**समाचार गेट/ज्योति खंडेलवाल**

**पलवल।** श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय के 11 विद्यार्थी विभिन्न कंपनियों में चयनित हुए हैं। डिग्री हाथ में आने से पहले ही उनके हाथ में नियुक्ति पत्र आ गया है। लिहाजा विद्यार्थी अत्यंत प्रफुल्लित हैं। विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. राज नेहरू ने सभी चयनित विद्यार्थियों को बधाई दी है। उन्होंने अपने हाथों से सभी विद्यार्थियों को नियुक्ति पत्र सौंपे और उनके सुखद भविष्य की कामना की है। बीबीए रिटेल मैनेजमेंट के प्रशांत गुप्ता का चयन मारुति सुजुकी में, सोनिका का कॉन्सेप्ट महिंद्रा में और ललित दीक्षित का चयन फितरोन मॉबलिटी में हुआ है। चार विद्यार्थियों का चयन जेबीएम ग्रुप में हुआ है। इनमें बी.वॉक. के सुधांशु शर्मा, नितिन कुमार, संदीप कुमार और लव सोनी को नाम शामिल हैं। बी.वॉक. के चार विद्यार्थी एडवर्ड टेक्नोलॉजीज में चयनित हुए हैं। इनमें विपुल राघव, हर्ष कुमार, अरुण यादव और अतुल कुमार के नाम शामिल हैं।

उन्हें नियुक्ति पत्र सौंपते हुए कुलपति डॉ. राज नेहरू ने कहा कि यह एक शुरुआत है। जितना अनुभव अर्जित करोगे, उतनी बड़ी सफलता आपके पास आएगी। डॉ. राज नेहरू ने सभी विद्यार्थियों को अनुशासन और मेहनत के साथ आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया।

कुलसचिव प्रोफेसर ज्योति राणा ने सभी विद्यार्थियों से श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय का नाम ऊंचा करने का आह्वान किया। कुलपति डॉ. राज नेहरू और कुलसचिव प्रोफेसर ज्योति राणा ने इस उपलबधि के लिए सभी विद्यार्थियों के साथ -साथ डिप्टी ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट ऑफिसर डॉ. विकास भदोरिया और इंडस्ट्री इंटीग्रेशन सैल की उप निदेशक डॉ. वैशाली माहेश्वरी को बधाई दी। इस अवसर पर डीन प्रोफेसर ऊषा बत्रा भी उपस्थित थीं।

# रंगदारी के दो अलग-अलग मामलों के आरोपी पर 24 घंटे के अंदर ही कसा शिकंजा



**समाचार गेट/हरिओम भारद्वाज**

**होडल।** पुलिस प्रवक्ता कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार एसपी पलवल डॉक्टर अंशु सिंगला के कुशल नेतृत्व में जिला पुलिस लगातार अपराधियों पर शिकंजा कस रही है इसी कड़ी में क्राइम ब्रांच होडल प्रभारी निरीक्षक रविंद्र कुमार की टीम ने थाना हसनपुर एवं सदर में दर्ज रंगदारी के दो अलग-अलग मामलों के आरोपी को 24 घंटे के अंदर ही गिरफ्तार करने में विशेष सफलता हासिल की है। पुलिस मामले की गहराई से जांच कर रही है।

क्राइम ब्रांच होडल प्रभारी निरीक्षक रविंद्र कुमार के अनुसार दिनांक 27 मई 2024 को मामले में गांव पिंगोड़ निवासी पीड़ित ने बताया कि वह गांव में परचून का सामान बेचने की दुकान करता है। उसकी माता गांव की सरपंच रह चुकी हैं और गांव वाले उसे भी सरपंच कहकर बुलाते हैं। बीती 19 मई की रात करीब सवा नौ बजे मोबाइल फोन पर कॉल आई। कॉल करने वाले ने पूछा कि क्या सरपंच बोल रहा है। हां में जवाब देने पर कहा कि वह पांच पेटी (पांच लाख रुपये) का इंतजाम कर ले। पांच पेटी नहीं दी तो दुकान पर बैठने वाले का बेहाल कर देंगे। तेरे पास दो हफ्ते का समय है। कॉल करने वाले ने कहा कि वह लारेंस बिश्नोई गैंग से बोल रहा है। थाना सदर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की ।

वहीं दूसरे मामले में हसनपुर थाना अंतर्गत गांव खाम्बी में स्थित एक स्कूल के चेयरमैन से फोन पर 20 लाख रुपये की रंगदारी मांगने एवं रंगदारी न देने की एवज में उसके बेटे को जान से मारने की धमकी दी गई । पीड़ित को आरोपी अपने आप को सलमान खान के घर पर फायरिंग करने वाला बता रहा है। पुलिस ने शिकायत के आधार पर अज्ञात के खिलाफ रंगदारी मांगने की धारा सहित विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज किया।

प्रभारी क्राइम ब्रांच होडल ने आगे बतलाया कि जाँच में उपरोक्त दोनों ही मामलों में एक ही नंबर से रंगदारी मांगी गई। मामले की गंभीरता को देखते हुए उनकी टीम में तैनात उप निरीक्षक महावीर सिंह के नेतृत्व में गठित जांच इकाई जिसमें मुख्य सिपाही रिंकू, संदीप, श्रीचंद, नरेंद्र एवं सुंदर शामिल हैं ने एसपी महोदया के कुशल निर्देशन में कार्य करते हुए साइबर सेल पलवल प्रभारी विनोद कुमार के साथ संयुक्त ऑपरेशन में साइबर तकनीकी की मदद से उक्त रंगदारी की दोनों वारदातों की धमकी देने वाले आरोपी को धर दबोचा। विवेचना दौरान आरोपी ने केवल लारेंस गैंग के नाम का सहारा लेकर अपनी खुद की प्रसिद्धि एवं रुपए कमाने के लिए उक्त दोनों रंगदारी की धमकी देने बारे बतलाया है। आरोपी को गहन पूछताछ हेतु एवं वारदात में प्रयुक्त मोबाइल की बरामदगी हेतु आज पुलिस रिमांड पर लिया जाएगा। हसनपुर थाना में दर्ज मामले में आरोपी की गिरफ्तारी की प्रक्रिया जारी है। आरोपी का लारेंस गैंग से जुड़े होने बारे गहनता से जांच की जा रही है।

# रेवाड़ी में मनाया वीर सावरकर का जन्मदिन

**समाचार गेट/निकिता माधोगड़िया**

**रेवाड़ी।** वीर सावरकर स्वास्थ्य सुरक्षा मंच के अध्यक्ष डॉ. पवन गोयल के अध्यक्षता में वीर सावरकर विचार मंच ने मॉडल टाउन रेवाड़ी के ज्योतिष दरबार में वीर सावरकर की 141वीं जयंती मनाई गई।

इस अवसर पर एडवोकेट जितेंद्र यादव मंत्री वीर सावरकर न्याय मंच, एडवोकेट गूगन सिंह,करण सिंह यादव, रतिराम वैद्य, दिलीप शास्त्री, एडवोकेट नरेश चौहान, दयाराम आर्य, नरेंद्र जोशी,ततारपुर आश्रम के योगाचार्य योगेन्द्र ब्रह्मचारीने अपने भाषणों में वीर सावरकर को हिंदुत्व का प्रेरणा स्त्रोत बताया। प्रचार प्रभारी सुरेश जाजोरिया, ऋषि सिंहल सावरकर भक्तों में महिपाल यादव,सतीश गुगनानी,अशोक शर्मा,




श्रीभगवान, धर्मेन्द्र यादव, लक्ष्मण रावत,मंच के संस्थापक श्रीनिवास शर्मा आदि उपस्थित थे। मंच की ओर से सावरकर के चित्र और साहित्य श्रोतागण को भेंट किए गए।

# घर में चोरी के मुकदमे में वर्ष 2010 से भगोड़े आरोपियो को किया गिरफ्तार



**समाचार गेट ब्यूरो**

**फरीदाबाद।** थाना सेन्ट्रल प्रभारी की टीम पुलिस चौकी सेक्टर.15 ने घर में चोरी करने के मामले में भगोड़े आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी दरबार गांव खेजडा चक जिला गुना मध्य प्रदेश का रहने वाला है। पुलिस चौकी सेक्टर-15 इंचार्ज नरेश कुमार की टीम ने आरोपी की तलाशी के लिए रेड की तो रेड के दौरान पता चला की आरोपी जयपुर राजस्थान में हत्या के मुकदमें में वर्ष 2011 से जेल में बंद है। जिसको प्रोडक्शन पर लेकर आरोपी से पूछताछ की है। इस मुकदमे में पहले गिरफ्तार किए गए आरोपी से 2 चेन, कडे व 20 हजार रुपए नगद बरामद किए गए थे। मुकदमें में अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी बकाया है जिनकी पुलिस टीम तलाश कर रही है जल्द गिरफ्तार किया जाएगा। आरोपी को पूछताछ के बाद अदालत में पेश कर जेल भेजा गया।






# तीव्र गर्मी से करें अपने और अपने परिवार की सुरक्षा, बरते सावधानियां : डीसी विक्रम सिंह

## उपायुक्त ने बढ़ती गर्मी और लू को लेकर आमजन को किया अलर्ट

**समाचार गेट ब्यूरो**

**फरीदाबाद।** उपायुक्त विक्रम सिंह ने कहा कि इन दिनों सूरज की किरणें बेहद गर्म हैं। गर्मी के मौसम में हवा के गर्म थपेड़ों और बढ़े हुए तापमान से लू लगने का खतरा बढ़ जाता है। अक्सर धूप में घूमने वालों, खिलाड़ियों, बच्चों, बुजुर्गों और बीमार व्यक्तियों को लू लगने का डर ज्यादा रहता है। लू लगने पर उसके इलाज से बेहतर है, हम लू से अपना बचाव करें। उन्होंने कहा कि राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग हरियाणा द्वारा जनहित में लू से बचाव के लिए एडवाइजरी जारी की गई है, जिसकी सभी को पालना करते हुए स्वास्थ्य सुरक्षा बनाए रखनी है। उपायुक्त ने बताया कि बढ़ती गर्मी में वृद्ध एवं कमजोर व्यक्तियों की खास देखभाल करें, खासतौर से जब वे



अकेले हों, तो कम से कम दिन में दो बार उनकी जांच करें, ध्यान रहे कि उनके पास फोन हो, यदि वे गर्मी से बैचेनी महसूस कर रहे हों तो उन्हें ठंडक देने का प्रयास करें, उनके शरीर को गीला रखें, उन्हें नहलाएं अथवा उनकी गर्दन तथा बगलों में गीला तौलिया रखें,उनके शरीर को ठंडक देने के साथ साथ डॉक्टर अथवा एम्बुलेंस को बुलाएं, उन्हें अपने पास हमेशा पानी की बोतल रखने के लिए कहें।

**तीव्र गर्मी में क्या करें**

पर्याप्त मात्रा में पानी पीएं और जितनी बार संभव हो पानी पीते रहे, भले ही आपको प्यास ना लगी हो। ओआरएस, घर में बने पेय जैसे लस्सी, नींबू पानी, छाछ इत्यादि का उपयोग करें, जो शरीर को फिर से हाइड्रेट करने में मदद करते हैं। अपने घर को ठंडा रखें। पर्दे, शटर या सनशेड का इस्तेमाल करें और रात में खिड़कियां खुली रखें। पंखे का उपयोग करें, कम कपड़े पहनें और बार-बार ठंडे पानी से स्नान करें। हल्के रंग के, ढीले और हवादार सूती कपड़े पहनें। धूप में बाहर जाते समय सुरक्षात्मक चश्में, छाता, टोपी, जूते या चप्पल का प्रयोग करें। अगर आप बाहर काम करते हैं, तो टोपी या छाते का उपयोग करें और अपने सिर, गर्दन, चेहरे और अन्य हिस्सों पर एक नम कपड़े का उपयोग करें। कहीं के लिए भी यात्रा करते समय अपने साथ पानी की बोतल जरूर रखें। जानवरों को छाया में रखें और उन्हें पीने के लिए भरपूर पानी दें। उनके लिए उचित छांव का प्रबंध करें।

**तीव्र गर्मी में क्या ना करें**

धूप में बाहर न निकलें। खासकर दोपहर 12 से तीन बजे के बीच बाहर जाने से बचें। जब बाहर का तापमान ज्यादा हो तो भारी शारीरिक गतिविधि ना करें। शराब, चाय, कॉफी और काबोर्नेटेड कोल्ड ड्रिंक्स से बचें, जो शरीर को डिहाइड्रेट करते हैं। हाई प्रोटीन वाले भोजन से बचें और बासी भोजन न करें। पार्किंग में पार्क किए गए वाहनों में बच्चों या पालतू जानवरों को ना छोडें।

# जिला निर्वाचन अधिकारी ने सफलतापूर्वक मतगणना करवाने के लिए सम्बंधित अधिकारियों/कर्मचारियों को दिए जरुरी टिप्स

**मतों की गणना से जुड़े अधिकारियों को लोकसभा चुनाव के लिए मतगणना को लेकर दिया एक दिवसीय प्रशिक्षण**

**दिए जरूरी दिशा-निर्देश विधानसभा सैगमेंट के लिए की जाएगी मतगणना**



**समाचार गेट ब्यूरो**

**फरीदाबाद।** जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त विक्रम सिंह ने भारत निर्वाचन आयोग की हिदायतों के अनुसार सफल मतगणना करवाने के लिए मतगणना से जुड़े अधिकारियों को टिप्स दिए। उन्होंने कहा कि मतों की गणना से जुड़े अधिकारियों को लोकसभा चुनाव के लिए मतगणना को लेकर एक दिवसीय प्रशिक्षण सेक्टर-15 के एपीजे स्कूल के ऑडिटोरियम दिया। जिला निर्वाचन अधिकारी विक्रम सिंह ने भारत निर्वाचन आयोग की हिदायतों के अनुसार मतगणना से जुड़े अधिकारियों को जरूरी दिशा-निर्देश देते हुए कहा कि विधानसभा सैगमेंट के लिए कई राउंड में की मतगणना की जाएगी। मतगणना का कार्य बहुत ही गम्भीरता से पूरा करना सुनिश्चित करें। इस कार्य में कोई भी डाउट हो तुरंत सम्बर्नधित एआरओ और आब्जर्वर से पूछ कर दूर करें। उम्मीदवारों के काउंटिंग एजेन्टो की मौजूदगी में सारा काम निष्पक्ष रूप से पूरा करना सुनिश्चित करें।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने जिला के सभी एआरओ और मतों की गणना से जुड़े अधिकारियों को लोकसभा चुनाव में मतगणना को लेकर जरूरी दिशा-निर्देश देते हुए कहा कि चार जून को सुबह निर्धारित समय पर मतगणना केन्द्रों में मतों की गिनती का कार्य शुरू हो जाएगा। सुरक्षा के मध्यनजर प्रशासन पहले से ही पुख्ता प्रबंध कर चुकी है। गर्मी के मौसम के मद्देनजर अधिकारियों, कर्मचारियों व राजनैतिक दलों के एजेंटों के लिए बिजली, पेयजल व पंखे-कूलर आदि का भी उचित प्रबंध किया जाएगा। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि मतगणना हाल में 14 टेबल लगाई जानी है। मतगणना के लिए भारत निर्वाचन आयोग की हिदायत अनुसार प्रत्येक टेबल पर मतगणना सुपरवाइजर, सहायक सुपरवाइजर और माइक्रो आब्जर्वर स्टाफ की नियुक्ति की जाएगी। मतगणना सुपरवाइजर (राजपत्रित अधिकारी राज्य या केंद्र सरकार/पी.एस.यू), मतगणना सहायक, मतगणना माइक्रो आब्जर्वर (केन्द्र सरकार का अधिकारी/कर्मचारी), एक ग्रुप डी कर्मचारी, टेबल वाईज अधिकारियों/कर्मचारियों की नियुक्ति (सुपरवाइजर, मतगणना सहायक, माइक्रो आब्र्जवर) पर्यवेक्षक की उपस्थिति मतगणना आगामी 04 जून के दिन की जाएगी। इन सभी अधिकारियों/कर्मचारियों के आईडी कार्ड जारी किए जाएंगे।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि मतणना एजेंट की नियुक्ति फार्म 18 में की जानी है जो कि मतगणना की तिथि से तीन दिन पहले की जानी आवश्यक है। सभी मतगणना केन्द्रों पर मतगणना हाल में प्रबन्ध, मतगणना केंद्र से बाहर के सुरक्षा प्रबंध, मतगणना स्टाफ के रैंडमाइजेशन प्रोसेस, मतगणना पर्यवेक्षक द्वारा दो सीयू की काऊंटर चैकिंग प्रोसेस की वीडियोग्राफी करवाई जाएगी। उन्होंने बताया कि व्यापक सुरक्षा प्रबंधों के बीच निष्पक्ष व पारदर्शी तरीके से मतगणना का कार्य सम्पन्न करवाएं जाने के निर्देश दिए गए हैं। सभी स्ट्रांग रूमों में निगरानी व सुरक्षा व्यवस्था के मध्यनजर सीसीटीवी कैमरा लगाए गए है और मतगणना के दिन स्ट्रोंग रूम में किसी भी अनाधिकृत व्यक्ति को प्रवेश नहीं करने दिया जाएगा। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त ने कहा कि जिला में मतगणना केन्द्र के आसपास 500 मीटर के दायरे में धारा 144 का प्रयोग भी किया जाएगा। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि लोकसभा के मतों की मतगणना की तैयारियां व मतगणना स्टाफ का प्रथम रेंडमाइजेशन के अलावा अन्य मतगणना से जुड़े सभी प्रबंध कर लिए गए हैं।

मतगणना स्टाफ का प्रथम रेंडेमाइजेशन मतगणना से पहले किया जाएगा। मतगणना के दिन सभी स्ट्रांग रूमों पर बिना कट के पावर सप्लाई, अग्निशमन यंत्र और पीने के पानी की व्यवस्था, मीडिया सेंटर स्थापित, मतगणना केंद्र की 100 मीटर की परिधि का सुरक्षा कवच आदि सभी तरह के प्रबंध कर लिए गए हैं। प्रशिक्षण के दौरान एडीसी आनन्द शर्मा और सीईओ जिला परिषद सतबीर मान ने प्रशिक्षण के दौरान कौन सा फार्म कैसे भरना है इसकी जानकारी विस्तार पूर्वक दी गई। उन्होंने बताया कि प्रत्येक मतगणना टेबल पर तीनों अधिकारी आपसी तालमेल करके ईवीएम, सीयु, बीयू का सही निरीक्षण करके टोटल करेंगे। वहीं कैसे सील खोलनी है इस बारे में विस्तृत जानकारी दी गई।

# संस्था ने कराए चार लोगों की आंख के निशुल्क ऑपरेशन



**समाचार गेट ब्यूरो**

**फरीदाबाद।** गड्ढा कॉलोनी स्थित सांई मंदिर में निशुल्क नेत्र जांच शिविर लगाया गया। जिसमें चिन्हित चार लोगों की आंखों के निशुल्क ऑपरेशन किए गए। साईं मित्र मंडल चैरिटेबल ट्रस्ट की ओर से मवई की गड्ढा कॉलोनी सांई मंदिर में निशुल्क नेत्र जांच शिविर लगाया गया। जिसमें 70 से भी ज्यादा लोगों की नेत्र जांच की गई एवं निशुल्क दवाई एवं चश्मे वितरित किए गए। कैंप में चार लोगों को मोतियाबिंद के ऑपरेशन के लिए चिन्हित किया गया। जिनका ऑपरेशन संस्था द्वारा निशुल्क कर दिया गया। संस्था के संस्थापक नरेंद्र जैन ने बताया कि उनकी संस्था द्वारा नियमित तौर पर निशुल्क नेत्र जांच कैंप लगाकर मोतियाबिंद के निशुल्क ऑपरेशन कराए जाते हैं। कैंप में ब्रह्मानंद शर्मा, शोभित शर्मा एवं पंडित विनय पांडे का विशेष योगदान रहा।

# पुलिस चौकी सिकरोना की टीम ने गौ तस्करी व हत्या के प्रयास के मुकदमे में भगोड़े आरोपियों को किया गिरफ्तार

**समाचार गेट ब्यूरो**

**फरीदाबाद।** फरीदाबाद पुलिस के द्वारा पीओ, बेलजम्पर की गिरफ्तारी का अभियान चलाया जा रहा है। पुलिस आयुक्त राकेश कुमार आर्य के द्वारा दिए गए दिशा निर्देशानुसार कार्रवाई करते हुए थाना सेक्टर-58 प्रभारी की टीम पुलिस चौकी सिकरोना ने भगोड़े आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी जमशेद गांव टीकरी खेड़ा का रहने वाला है। आरोपी को पुलिस चौकी सिकरोना इंचार्ज प्रदीप मोर ने की टीम ने वर्ष 2010 से गौ तस्करी के समय हत्या के प्रयास के मुकदमें में फरार चल रहे आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ वर्ष 2008 में थाना सेक्टर-58 में मुकदमा दर्ज हुआ था। जिसमें आरोपी को कोर्ट के द्वारा वर्ष 2010 में पीओ घोषित कर दिया था। आरोपी को पुलिस टीम लगातार तलाश कर रही थी। आरोपी को गिरफ्तार करने के लिए पुलिस टीम ने आरोपी के घर पर रेड की थी। जहां पर पता चला की आरोपी तिहाड जेल में बंद है। आरोपी के संबंध में तिहाड जेल से जानकारी लेने पर पता चला की आरोपी वर्ष 2014 के हत्या, हत्या के प्रयास, लूट के मामला थाना पुल प्रहलादपुर दिल्ली में करने के कारण तिहाड जेल में बंद है। जिसको पुलिस प्रोडक्शन पर लेकर गिरफ्तार किया गया है। आरोपी को पूछताछ के बाद अदालत मे पेश कर जेल भेजा गया।



# जेबीटी अध्यापक ने सरकारी स्कूल में अध्ययनरत छात्रों के लिए प्रिंटर भेंट किया

**समाचार गेट ब्यूरो**

**फरीदाबाद।** राजकीय कन्या मॉडल संस्कृति विद्यालय तिगांव में कार्यरत अध्यापक सुधीर ने अपने ट्रांसफर होकर जाने के दौरान विद्यालय के अध्ययनरत छात्रों के कार्य हेतु एक प्रिंटर भेंट किया। इस दौरान विद्यालय की कार्यकारी प्राचार्या सुमन मंडा हुडा, संजय कुमार, कुसुमलता एवं श्याम सुन्दर विशेष रूप से मौजूद थे। गौरतलब है कि शिक्षा विभाग द्वारा सात साल बाद जेबीटी अध्यापकों का स्थानांतरण उनके गृह जिलों करके उन्हें स्थाई जिले आवंटित किये गए है। 2017 में शिक्षा विभाग द्वारा जेबीटी अध्यापकों को अस्थाई स्टेशन आवंटित किये गये थे। इस दौरान भिवानी जिले के अध्यापक सुधीर की नियुक्ति तिगांव



के राजकीय प्राथमिक मॉडल संस्कृति स्कूल में हुई थी। इनके अलावा संजय कुमार की नियुक्ति भी इसी विद्यालय में हुई थी। इन नवचयनित अध्यापकों ने पूरी निष्ठा और लगन से बच्चों को शिक्षा प्रदान की। अब विभाग द्वारा स्थाई जिले आवंटित करने पर अध्यापकों में खुशी की लहर है।

# शेयर मार्किट में इन्वेस्टेमेंट के नाम पर 1.10 करोड रुपए का की ठगी के मामले में साइबर थाना सेन्ट्रल ने 6 आरोपियों को किया गिरफ्तार

**आरोपियों के कब्जे से वारदात में प्रयोग 7 मोबाइल फोन, एक डोगल तथा 4394 सिम कार्ड बरामद**

**समाचार गेट ब्यूरो**

**फरीदाबाद।** साइबर थाना सेन्ट्रल प्रभारी अमित की टीम ने शेयर मार्किट में इन्वेस्टेमेंट के नाम पर करीब 1.10 करोड़ ठगी की वारदात में शामिल 6 आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

पुलिस प्रवक्ता ने मामले में अधिक जानकारी देते हुए बताया कि गिरफ्तार आरोपियों में आकाश प्रवीन, विशाल रमेश, अंशुल नंदा, प्रशांत बब्लू, थोगाटी बद्रीनाथ तथा शिवा प्रसाद का नाम शामिल है। आरोपी आकाश, प्रवीन और विशाल, रमेश सुरत गुजरात का, आरोपी अंशुल नंदा और प्रशांत बब्लू मंडला मध्य प्रदेश का, आरोपी थोगाटी और शिवा प्रसाद गुंटूर आन्ध्र प्रदेश के रहने वाला है। आरोपियों को साइबर थाना सेन्ट्रल की टीम ने अपने गुप्त सूत्रों व तकनीकी माध्यम से 19 अप्रैल को आरोपी आकाश प्रवीन भाई माडनका, 20 अप्रैल को




विशाल रमेंश भाई गेलानी को सूरत गुजरात से, दिनांक 29 अप्रैल को आरोपी अंशुल नंदा व प्रशांत बल्लू विश्वकर्मा उनके गांव नैनपुर मंडला मध्य प्रदेश से गिरफ्तार कर माननीय अदालत में पेश कर पुलिस रिमांड के बाद जेल भेजा गया। पूछताछ के दौरान आरोपी आकाश प्रवीन से 1200 रूपए नगद व आरोपी विशाल रमेश से 1500 रूपए नगद बरामद किए गए। 15 मई को आरोपी थोगटी बद्रीनाथ को बैंगलोर से व 23 मई को आरोपी शिवा प्रसाद को गुंटूर आन्ध्र प्रदेश से काबू किया है। आरोपी थोगाटी बद्रीनाथ को पुलिस रिमांड के बाद जेल भेजा गया। 23मई को आरोपी शिवा प्रसाद को गिरफ्तार कर 8 दिन के पुलिस रिमांड पर लिया हुआ है। आरोपियों के कब्जे से वारदात में प्रयोग 7 मोबाइल फोन, एक डोगल तथा 4394 सिम कार्ड बरामद किए गए।

**वारदात को कैसे दिया अंजाम**

फरीदाबाद के सेक्टर-81 के रहने वाले एक व्यक्ति के द्वारा साइबर थाना सेन्ट्रल में 1 करोड़ 9 लाख 87 हजार 987 रुपए की शेयर मार्किट में मुनाफा कमाने के नाम पर ठगी की शिकायत प्राप्त हुई। शिकायतकर्ता ने अपनी शिकायत में बताया कि वह फेसबुक चला रहा था जो एक फेसबुक पर उसके पास एक लिंक आया जिसको क्लिक करने पर उसका नम्बर एक ग्रुप से जोड़ा गया। जो शेयर मार्किट के नाम से था। जिस ग्रुप नें काफी लोग जुडे हुए थे। जो सभी अपना पैसा आरोपियों द्वारा दिए गए बैंक खातों में डालकर लगा रहे थे और काफी मुनाफा कमा रहे थे। जिसको देख कर शिकायतकर्ता ने 1 करोड़ 9 लाख 87 हजार 987 रुपए आरोपियों के खाते से लगवा दिए और ठगी का शिकार हो गया।

# वाहन चोरी करने वाले आरोपी को अपराध शाखा सेक्टर-17 की टीम ने किया गिरफ्तार, मोटरसाइकिल बरामद

**समाचार गेट ब्यूरो**

**फरीदाबाद।** अपराध शाखा सेक्टर-17 प्रभारी की टीम ने वाहन चोरी करने वाले आरोपी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी दीपू उर्फ मामा गांव मेवला महाराजपुर का रहने वाला है। आरोपी को अपराध शाखा टीम ने



अपने गुप्त सूत्रों से प्राप्त सूचना से आरोपी को मेवला महाराजपुर एरिया से गिरफ्तार किया है। आरोपी से पूछताछ में मोटरसाइकिल को आरोपी के घर से बरामद किया गया है। आरोपी ने मोटरसाइकिल को थाना शहर बल्लबगढ़ के एरिया पंचायत भवन से चोरी की थी। आरोपी कबाडी का काम करता है। जिसमें एक अन्य आरोपी का खुलासा हुआ है। जिसकी अपराध शाखा टीम तलाश कर रही है। आरोपी को जल्द गिरफ्तार किया जाएगा। आरोपी दीपू को पूछताछ के बाद अदालत में पेश कर जेल भेजा गया।

# शराब तस्करी के मामले में 2 आरोपियों को अपराध शाखा बॉर्डर की टीम ने किया गिरफ्तार

**समाचार गेट ब्यूरो**

**फरीदाबाद।** अपराध शाखा बॉर्डर प्रभारी जितेन्द्र की टीम ने शराब तस्करी के मामले में 2 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि गिरफ्तार आरोपियो में संतोष और विजय का नाम शामिल है।

दोनों आरोपी सुंदर कॉलोनी फरीदाबाद के रहने वाला है। पुलिस टीम ने दोनों आरोपियो को गस्त के समय गुप्त सूत्रों से प्राप्त सूचना से 27 फुट रोड डबुआ कॉलोनी से ऑटो में शराब ले जाते हुए काबू किया है। ऑटो की तलाशी लेने पर 48 बोतल शराब देसी बरामद की गई है। आरोपियो से पूछताछ में सामने आया कि आरोपी शराब को किसी अनजान रिक्शे वाले व्यक्ति से 6000 रूपए में मुनाफे में बेचने के लिए आरोपी संतोष खरीद कर लाए था। आरोपियो के खिलाफ थाना डबुआ में शराब तस्करी की धाराओं में मुकदमा दर्ज कर गिरफ्तार किया गया है। आरोपी विजय ऑटो चालक है जो शराब को 150रु में लेकर जा रहा था। आरोपी संतोष पर पूर्व में 13 मुकदमें शराब तस्करी के तथा 5 मुकदमें जुआ के थाना सारन में दर्ज है। दोनों आरोपियो से पूछताछ के बाद नियमानुसार कार्रवाई अमल में लाई गई।



संपादकीय

## भारत का आर्थिक भविष्य सुनहरे मोड पर

इसे संयोग ही कहेंगे कि जिस समय भारतीय चुनाव अभियान के दौरान विपक्षी दल महंगाई को बड़ा मुद्दा बनाने की कोशिश कर रहे थे, ठीक उसी समय संयुक्त राष्ट्र संघ साल 2024 में भारत में मुद्रास्फीति साढ़े चार फीसद रहने का अनुमान जता रहा था। संयुक्त राष्ट्र संघ ने यह अनुमान भारतीय अर्थव्यवस्था की स्थिति पर अपनी रिपोर्ट में जताया है। संयुक्त राष्ट्र संघ के इस अनुमान रिपोर्ट में भारत के सकल घरेलू उत्पाद यानी जीडीपी में 6.9 प्रतिशत की वृद्धि का अनुमान लगाया है।



नरवीर यादव
कार्यकारी संपादक

भारत के लिए निश्चित तौर पर यह अनुमान सुखद और उत्साहित करने वाला है। इसकी वजह यह है कि दुनिया की विकसित कही जाने वाली ज्यादातर पश्चिमी अर्थव्यवस्थाओं में लगातार गिरावट जारी है। पश्चिमी मुल्कों की अर्थव्यवस्थाओं की वृद्धि दर कमजोर होती जा रही है। पिछले कुछ वर्षों में पड़ोसी चीन की अर्थव्यवस्था तेजी से बढ़ रही थी। लेकिन वह अब गिरने लगी है। विश्व बैंक ने मौजूदा साल में उसकी अर्थव्यवस्था में महज साढ़े चार प्रतिशत की बढ़ोत्तरी का अनुमान लगाया था, हालांकि अब उसमें उसने थोड़ा सुधार करके उसे 5.2 प्रतिशत की बढ़त का अनुमान लगाया गया है।

आखिर भारत में यह बदलाव क्यों हो रहा है और भारतीय अर्थव्यस्था इस तरह अग्रसर क्यों है? इसकी मोटी वजह यहां तेजी से विकसित हो रहा बुनियादी ढांचा है। बुनियादी ढांचे में भारत में निवेश लगातार बढ़ रहा है। इसके साथ ही भारत में निर्माण गतिविधियां भी तेज हैं। यह भी सच है कि भारत के लिए यहां की बेतहाशा बढ़ी जनसंख्या भी चुनौती बन रही है। लेकिन इसके साथ ही कटु सत्य यह है कि बढ़ती जनसंख्या के चलते उपभोक्ता बाजार तेजी से बढ़ता है। उसमें खपत के लिए निर्माण और उत्पाद का दायरा बढ़ता है। यह पूरी प्रक्रिया आर्थिक गतिविधियों को बढ़ाती है और इस तरह जीडीपी में बढ़ोत्तरी होती है। 140 करोड़ से अधिक की आबादी के साथ भारत दुनिया की सबसे बड़ी जनसंख्या वाला देश बन गया है। इसकी वजह से भारत के पास दुनिया का सबसे बड़ा उपभोक्ता बाजार तैयार है। इस बाजार में खपत के लिए तमाम तरह के उत्पादों की जरूरत बढ़ी है। जनसंख्या, उत्पादन, खपत और बाजार की कड़ियां इस तरह भारत में तेजी से बढ़ रही हैं। इसलिए भारतीय जीडीपी में तेजी आ रही है।

वित्त मंत्रालय के एक मई को बताया कि रिफंड के बाद अप्रैल महीने की शुद्ध जीएसटी वसूली 1.92 लाख करोड़ रुपये रही है। जो इसी पिछले साल की इसी अवधि के मुकाबले 17.1 प्रतिशत ज्यादा है। साल 2017 में जबसे जीएसटी कानून लागू हुआ है, हर साल इसमें बढ़ोत्तरी होती जा रही है। जीएसटी लागू होने के फौरन बाद 2017-18 में जहां औसत जीएसटी एक लाख करोड़ रुपये से कम रही, वहीं, कोरोनाकाल के बाद 2020-21 से यह लगातार बढ़ रही है। साल 2022-23 में जीएसटी वसूली औसतन 1.51 लाख करोड़ रुपये हर महीने रही है। यह बढ़ोत्तरी ही बताने के लिए काफी है कि भारतीय अर्थव्यवस्था किस कदर बढ़ रही है।

चार जून को आने वाले चुनाव नतीजों के बाद उम्मीद की जा रही है कि एक बार फिर मोदी सरकार ही आएगी। विपक्षी दलों ने अपनी नीतियों में आर्थिक मोर्चे पर कुछ समाजवादी और वाम वैचारिकी प्रेरित योजनाएं लाने का वादा जरूर किया है। लेकिन यह भी सच है कि भारतीय अर्थव्यवस्था जिस तरह आगे बढ़ चुकी है, उसमें उनके लिए भी कुछ ज्यादा करने की गुंजाइश नहीं रहेगी। उन्हें भी मौजूदा आर्थिक चलन के ही मुताबिक आगे बढ़ना होगा। भले ही वे जीएसटी को कम करने या उसका ढांचा सुधारने का वादा करते रहे हों, लेकिन उनके लिए भी आमूलचूल बदलाव ला पाना आसान नहीं होगा। क्योंकि इस दिशा में भारतीय अर्थव्यवस्था बेहद आगे बढ़ चुकी है।

भारत सदियों से कृषि संस्कृति वाला देश है। भारत की दो तिहाई आबादी सीधे खेती-किसानी से जुड़ी है। भारतीय खेती मानसून की बेहतरी पर ज्यादा निर्भर है। मौसम विभाग ने अनुमान जताया है कि आने वाले साल में मानसून सामान्य रहेगा। इसका मतलब यह है कि अगले साल भी खेती - किसानी में बेहतर स्थिति रहेगी। उत्पादन बढ़ेगा और इसकी वजह से भारत के अन्न भंडार भरे रहेंगे। इसकी वजह से ग्रामीण इलाकों में खरीद में तेजी आएगी। मानसून बेहतर रहता है तो भारत के दूर- दराज के बाजारों में भी आर्थिक गतिविधियां तेज रहती हैं। इसकी वजह से भी भारतीय आर्थिकी तेजी से आगे बढ़ती रहेगी।

भारत की प्राचीन ज्ञान परंपरा, संस्कृति और सभ्यता भी दुनिया की नजरों में और आकर्षक हो सकती है। इसकी वजह से नए तरह की उत्पादकता भी भारत में दिख सकती है। सभ्यता, संस्कृति, तीर्थाटन और पर्यटन के साथ ही भारतीय पारंपरिक चिकित्सा व्यवस्था और योग भारत की अनुपम संपत्ति हो सकते हैं। इसे देखते हुए भारत की मौजूदा सरकार ने देश के स्वास्थ्य ढांचा को पहले की तुलना में बेहतर करना शुरू किया है। कोरोना काल के हालात की वजह से पारंपरिक भारतीय चिकित्सा व्यवस्था, भारतीय ज्ञान परंपरा, योग आदि की भी दुनिया में मांग बढ़ी है। दुनिया इनकी ओर उम्मीदभरी नजरों से देख रही है। इनकी वजह से भारत में विदेशों से धन भी आ रहा है। भारतीय तीर्थाटन की परंपरा को राम मंदिर, महाकाल मंदिर और विश्वनाथ कारीडोर जैसे नए मंदिरों और धार्मिक केंद्रों की ओर दुनियाभर से आ रहे श्रद्धालुओं की वजह से बुनियादी ढांचे और पर्यटन गतिविधियां बढ़ रही हैं। भारतीय अर्थव्यवस्था को इनके जरिए भी तेजी मिलने का अनुमान जताया जा रहा है। भारतीय पर्यटन केंद्रों की अभी तक पूरी तरह से वैश्विक पहचान और ध्यान नहीं मिल पाया है। इस क्षेत्र में अभी काम किया जाना बाकी है। नए भारत में इस दिशा में भी सोचा जाना होगा। जब इनकी ओर ध्यान जाएगा, तो वैश्विक यात्रियों और सैलानियों की आवक तेज होगी और भारतीय अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देने में इसकी भी बड़ी भूमिका होगी।

इतिहास में भारत को सोने की चिड़िया कहा जाता रहा। इकबाल ने सारे जहां से अच्छा हिंदोस्तां हमारा गीत लिखकर भारत की इस समृद्ध परंपरा की महत्ता को ही दिखाने की कोशिश की है। प्राचीन काल में भारत की हैसियत विश्व गुरू की थी। भारत एक बार फिर उसी दिशा में आगे बढ़ने की ओर है।

दुनियाभर में फैला भारतीय डायस्पोरा भी भारत को सालाना सौ अरब डॉलर से ज्यादा की रकम घर भेज रहा है। साल 2023 में यह रकम सवा सौ अरब डॉलर थी। जाहिर है कि सब मिलकर भारत को समृद्ध कर रहे हैं और भारतीय जीडीपी को बढ़ावा दे रहे हैं। दस साल से देश संभाल रही मोदी सरकार इसे और तेज करना चाहती है। यही वजह है कि पहले सौ दिन का एजेंडा तैयार कर लिया गया है। आने वाली सरकार पर संयुक्त राष्ट्र संघ के अनुमानों से कहीं अधिक तेज प्रदर्शन का दबाव रहेगा। क्योंकि मौजूदा चुनावों में बेरोजगारी भी बड़ा मुद्दा रही है। मौजूदा आर्थिकी के मुताबिक, अगर जीडीपी बढ़ेगी तो रोजगार भी बढ़ेगा। जाहिर है कि नई सरकार नहीं चाहेगी कि इस मुद्दे पर वह कठघरे में खड़ा हो।

# जिला कोर्ट में 8वीं पास से ग्रेजुएट तक के लिए निकली नौकरी

समाचार गेट/एजेंसी

जिला कोर्ट में 8वीं पास से ग्रेजुएट तक के लिए निकली नौकरी

पश्चिम बंगाल के जिला न्यायाधीश कार्यालय में अपर डिवीजन क्लर्क , लोअर डिवीजन क्लर्क , सील बेलीफ, प्रोसेस सर्वर और ग्रुप डी के पदों पर आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। इन पदों पर आवेदन की प्रक्रि या 24 मई से शुरू हो गई है, वहीं एप्लिकेशन फॉर्म भरने की आखिरी तारीख 24 जून 2024 है। ऐसे में उम्मीदवारों के पास इस भर्ती में आवेदन करने के लिए पूरा एक महीने का समय है। इस बीच आप आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर ऑनलाइन अप्लाई कर सकते हैं।

पदों की संख्या और सैलरी

जिला न्यायाधीश कार्यालय की इस भर्ती के जरिए यूडीसी, एलडीसी, सील बेलीफ, प्रोसेस सर्वर और ग्रुप डी के कुल 99 पदों को भरा जाएगा। इन सभी पदों के लिए 8वीं और 10वीं पास उम्मीदवारों के साथ ग्रेजुएट अभ्यर्थी भी ऑनलाइन 24 जून तक आवेदन कर सकते हैं। चिलए आपको इस बारे में विस्तार से बताते हैं।पद का नामवैकेंसी की संख्यासैलरीरुपयेजानिए योग्यता

अपर डिवीजन क्लर्क की पोस्ट पर अप्लाई करने के लिए उम्मीदवारों को ग्रेजुएट होना चाहिए।

साथ ही बेसिक कंप्यूटर नॉलेज के लिए कंप्यूटर कोर्स का सिर्टिफकेट भी मांगा गया है।

एलडीसी और सील बेलीफ के लिए किसी मान्यता प्राप्त संस्थान से 10वीं पास अभ्यर्थी आवेदन कर सकते हैं। इसके अलावा उनके पास कंप्यूटर कोर्स का सिर्टिफकेट भी होना चाहिए।

ग्रुप डी और प्रोसेस सर्वर के लिए 8वीं पास उम्मीदवार आवेदन के योग्य हैं।एज लिमिट

इन सभी पदों पर आवेदन करने के लिए उम्मीदवारों की आयुसीमा की बात करें तो अभ्यर्थियों की उम्र



**1 जनवरी 2024 को न्यूनतम 18 वर्ष और अधिकतम 40 वर्ष होनी चाहिए। हालांकि इसमें आरिक्षत वर्ग के अभयिर्थयों के लिए छूट का प्रावधान भी किया गया है।**

जिला न्यायालय कार्यालय की इस भर्ती में उम्मीदवारों का चयन लिखित परीक्षा, कंप्यूटर स्कि ल टेस्ट और साक्षात्कार के आधार पर किया जाएगा। इन तीनों चरणों के बाद अभयिर्थयों को डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन और मेडिकल से भी गुजरना होगा।

# बाइक में साइड स्टैंड इंजन कट ऑफ फीचर के बड़े फायदे

समाचार गेट/एजेंसी

टू-व्हीलर बनाने वाली कंपनियां आजकल बाइक और स्कूटर में सुरक्षा और सुविधा को ध्यान में रखते हुए कई तरह के नए फीचर पेश कर रही हैं। इनमें से एक बेहद जरूरी फीचर है साइड स्टैंड इंजन कट ऑफ (एसएस-ईसीओ)। इस फीचर का लाभ है कि जब आप बाइक को साइड स्टैंड पर लगाते हैं तो इंजन अपने आप बंद हो जाता है। साथ ही जब स्टैंड नीचे रहता है तो मोटरसाइकल और स्कूटर स्टार्ट ही नहीं होता है। यह फीचर नए टू-व्हीलर्स में तेजी से पॉपुलर हो रहा है और आने वाले समय में इसे और ज्यादा बाइक-स्कूटर्स में शामिल किए जाने की उम्मीद है। आज हम आपको साइड स्टैंड इंजन कट ऑफ खूबी के 5 सबसे बड़े फायदों के बारे में आपको बताने जा रहे हैं।

1. गिरने से बचाव

आप अगर गलती से गियर में बाइक छोड़ देते हैं और साइड स्टैंड नीचे करने लगते हैं तो एसएसईसीओ इंजन को बंद कर देगा। इससे बाइक आगे बढ़ने से रुक जाएगी और गिरने से बच जाएगी।

2. फ्यूल की बचत

जब आप ट्रैफिक में फंसे होते हैं या रेड लाइट पर रुकते हैं, तो एसएस-ईसीओ इंजन को बंद कर देगा। इससे ईंधन की बचत होगी और कार्बन एमिशन कम होगा।


3. सुरक्षाआप अगर बाइक से उतरते समय साइड स्टैंड लगाना भूल जाते हैं और गलती से क्लच छोड़ देते हैं, तो साइड स्टैंड इंजन कट ऑफ इंजन को बंद कर देगा। इससे बाइक अनियंत्रित रूप से आगे बढ़ने से रुक जाएगी और दुर्घटना होने की संभावना कम हो जाएगी।4. सुविधासाइड स्टैंड इंजन कट ऑफ आपको साइड स्टैंड लगाने के बारे में सोचने की जरूरतों से फ्री करता है। यह एक सुविधाजनक फीचर है, जो आपको बाइक से उतरते समय याद रखने की जरूरत नहीं है।

5. शोर में कमीआप जब बाइक को साइड स्टैंड पर लगाते हैं और इंजन बंद हो जाता है तो शोर का स्तर कम हो जाता है। शहरी क्षेत्रों के लोगों के लिए फायदेमंद हो सकता है।






# यूपीएससी प्रीलिम्स एडमिट कार्ड कब आएगा?




समाचार गेट/एजेंसी

संघ लोक सेवा आयोग की सिविल सेवा परीक्षा का प्री एग्जाम 16 जून 2024 को आयोजित किया जाएगा। ऐसे में इस एग्जाम की तैयारी कर रहे उम्मीदवार परीक्षा के एडमिट कार्ड जारी होने का इंतजार कर रहे हैं।

सामान्य तौर पर एग्जाम डेट से करीब 10 दिन पहले ही परीक्षा के एडमिट कार्ड जारी हो जाते हैं। ऐसे में संभावित है कि जून के पहले हफ्ते में यूपीएसई प्रारंभिक के एडमिट कार्ड आ जाएं।

वहीं एडमिट कार्ड जारी होने के बाद उम्मीदवार इसे यूनियन पिब्लक सिर्वस कमीशन की आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर चेक कर सकेंगे।

कब आएगा प्रारंभिक परीक्षा का एडमिट कार्ड

आपको बता दें कि पहले यूपीएससी सिविल सेवा परीक्षा की प्रारंभिक परीक्षा 26 मई को होने वाली थी लेकिन बाद में इसे रीशेड्यूल कर दिया गया।

अब यह परीक्षा 16 जून को आयोजित होगी।

जिसके एडमिट कार्ड जल्द ही जारी हो सकते है। वहीं परीक्षा के समय की बात करें तोयूपीएसई प्रारंभिक परीक्षा दो एग्जाम अलग-अलग शिफ्ट में होंगे।

जनरल स्टडीज का पेपर सुबह 9.30 से 11.30 बजे के बीच होगा। वहीं सिविल सिर्वसेज एप्टीट्यूट टेस्ट का दूसरा पेपर दोपहर 2.30 से 4.30 बजे के बीच आयोजित होगा।

इन स्टेप्स से करें डाउनलोड

यूपीएससी की प्रारंभिक परीक्षा के एडमिट कार्ड जैसे ही जारी होंगे आप उसे आसानी से इन स्टेप्स की मदद से चेक कर सकते हैं या डाउनलोड भी कर सकते हैं।

सबसे पहले संघ लोक सेवा आयोग की ऑफिशियल वेबसाइट पर जाएं।

इसके बाद होमपेज पर सेक्शन में जाएं।

अब ई एडमिट कार्ड: सिविल सिर्वस एग्जामिनेशन 2024 के लिंक पर क्लिक करें।मांगी गई डिटेल्स भरकर सिब्मट बटन क्लिक कर दें।इसके बाद आपकी स्क्रीन पर एडमिट कार्ड दिखाई देने लगेगा। आप इसे पीडीएफ फॉर्मेट में डाउनलोड भी सकते हैं।

# 10 धांसू कारों की एंट्री से भारतीय कार बाजार में आएगा तूफान

भारतीय बाजार में नई कार-ों को लेकर ऑटोमोबाइल कंपनियां जितनी उत्साहित रहती है, उससे ज्यादा उत्साहित लोग रहते हैं, क्योंकि उन्हें खरीदना होता है। अब बात आती है कि इस साल और कौन-कौन सी कंपनियां नई कार ला रही है तो आने वाले महीनों में टाटा मोटर्स, मिहंद्रा एंड मिहंद्रा, किआ मोटर्स, एमजी मोटर और सिट्रोएन जैसी कंपनियां अपने नए-नए प्रोडक्ट को लॉन्च करने जा रही हैं, जिनमें कुछ इलेक्तिट्रक कार हैं तो कुछ एसयूवी हैं। सिट्रोएन तो कूपे डिजाइन वाली धांसू कार लाने की तैयारी में है और इसकी बुकिंग भी शुरू हो चुकी है। चिलए, अब एक-एक करके इन आगामी कारों के बारे में बताते हैं।

टाटा ऑल्ट्रोज रेसर

टाटा मोटर्स अगले महीने जून में अपनी नई प्रीमियम हैचबैक ऑल्ट्रोज रेसर लॉन्च करने जा रही है, जिस-का मुकाबला हुंडई आई20 एन लाइन और हालिया लॉन्च नई मारुति सुजुकी स्विफ्ट से होगा। इस हैचबैक में आकर्षक ग्राफिक्स के साथ ही काफी सारे धांसू फीटर्स देखने को मिलेंगे।

सिट्रोएन बसॉल्ट

सिट्रोएन अगले महीने जून या जुलाई के महीने में अपनी नई कार भारत में लॉन्च करने जा रही है, जिस-का नाम बसॉल्ट है और यह कूप डिजाइन वाली गाड़ी है। लुक-फीचर्स और पावर के मामले में सिट्रोएन बसॉल्ट काफी अच्छी होगी।क

मिहंद्रा थार 5 डोर

मिहंद्रा एंड मिहंद्रा इस साल फेस्टिवल सीजन में 5 दरवाजों वाली थार एसयूवी को लॉन्च करने जा रही है, जिससे ज्यादा केबिन स्पेस के साथ ही काफी सारी नई खूबियां दिखेंगी।

नई मारुति डिजायर

मारुति सुजुकी अगले 3 महीनों के अंदर अपनी पॉपुलर सेडान डिजायर का अपडेटेड मॉडल लॉन्च कर सकती है, जिसमें नई स्विफ्ट की तरह ही नया इंजन और बेहतर सेफ्टी फीचर्स देखने को मिलेंगे।टाटा हैरियर ईवीटाटा मोटर्स इस साल अपनी पावरफुल एसयूवी हैरियर का इलेक्तिट्रक वेरिएंट लाने की तैयारी में है और कहा जा रहा है कि फेस्टिवल सीजन में इसे लॉन्च किया जा सकता है।किआ ईवी9




किआ मोटर्स इस साल अपनी नई इलेक्तिट्रक एसयूवी ईवी9 को भारत में लॉन्च किया जा सकता है, जो कि फीचर्स और रेंज के मामले में काफी जबरदस्त होगी।

टाटा कर्व

टाटा मोटर्स इस साल फेस्टिवल सीजन में अपनी नई एसयूवी कर्व लाने की तैयारी में है, जो कि कूप डिजाइन और लेटेस्ट फीचर्स से लैस होगी। टाटा कर्व को पेट्रोल-डीजल के साथ ही इलेक्तिट्रक अवतार में भी पेश किया जा सकता है।

किआ कार्नि वल फेसलिफ्ट

किआ कार्नि वल को बीते साल भारतीय बाजार में डिसकंटीन्यू कर दिया गया था और अब इस साल फेस्टिवल सीजन में इसे बेहतर लुक-फीचर्स के साथ पेश किया जाएगा। इस प्रीमियम एमपीवी का लोगों के लंबे समय से इंतजार है।हुंडई अल्कजार फेसलिफ्ट

हुंडई मोटर इंडिया लिमिटेड इस साल अपनी 7 सीटर एसयूवी अल्कजार के अपडेटेड मॉडल लाने की तैयारी में है, जिसमें बेहतर फीचर्स के साथ बहुत कुछ खास मिलेगा।

# जीआरपी ने चलाया क्राइम व नशे के प्रति जागरूकता अभियान

**समाचार गेट/निकिता माधोगड़िया**

**रेवाड़ी।** पुलिस अधीक्षक रेलवेज हरियाणा राजेश कालिया के दिशा निर्देश पर महिलाओं/बच्चों की सुरक्षा सुनिश्चित करने व उन्हें जागरूक करने के उद्देश्य से जीआरपी रेवाड़ी एसएचओ भूपेंद्र सिंह के नेतृत्व में महिला एएसआई रेखा कौशिक व उनकी टीम ने रेलवे स्टेशन पर महिला यात्रियों को महिला विरुद्ध अपराध, साइबर अपराध, नशा के दुष्परिणाम संबंध में जागरुक किया है।



जीआरपी की टीम ने महिलाओं को आम जीवन में होने वाले अपराधो से बचाव व अपराध होने पर उनके निवारण सहित नशे के दुष्प्रभाव इत्यादि के बारे में विस्तृत जानकारी देकर जागरूक किया। उन्होंने बताया कि एक पढ़ी-लिखी नारी अपने अधिकारों को जानती है और वह किसी भी प्रकार के शोषण के विरुद्ध अपनी आवाज उठाने में समर्थ होती है इसलिए आवश्यक है कि प्रत्येक महिला को अपने अधिकारों का ज्ञान होना चाहिए ताकि वह इस समाज की बुराइयों से लड़ सके और अपने हक के लिए आवाज उठा सकें। उन्होंने बताया कि प्रत्येक महिला इस सामाजिक जीवन में अपने आसपास महिला विरुद्ध अपराध को देखती है जिसमें महिला/लडकी से छेडछाड इत्यादि।किसी भी महिला का शोषण कानूनी अपराध है। जीआरपी टीम ने बताया कि नशा समाज की जड़ों को खोखला कर रहा है। युवा पीढ़ी नशे के दलदल में फंसकर किस प्रकार अपने भविष्य को अंधकार में धकेल रही है। किशोरावस्था में नौजवान युवतियां भी शौकिया तौर पर नशा करना शुरू करती हैं परंतु धीरे-धीरे उन्हें इसकी लत पड़ जाती है जिसके पश्चात इसे छोड़ पाना उनके लिए बहुत मुश्किल कार्य हो जाता है। नशा इंसान के स्वास्थ्य के ऊपर बहुत बुरा प्रभाव डालता है जिसकी वजह से उन्हें कैंसर जैसी गंभीर बीमारियां जकड़ लेती हैं और इंसान को अंदर से खोखला कर देती हैं। अगर आपके आसपास कोई व्यक्ति नशा बेचता है तो इसकी सूचना तुरंत पुलिस को देकर समाज को नशा मुक्त करने में पुलिस का सहयोग करें। पुलिस को सूचना देने वाले की पहचान गुप्त रखी जाएगी। इस दौरान पुलिस टीम द्वारा उपस्थित महिलाओं को पुलिस सहायता प्राप्त करने के लिए डायल-112 सेवा के बारे में बताते हुए विभिन्न प्रकार के साइबर अपराधों/अपराधियों की पहचान व बचाव उनके निवारण इत्यादि के बारे में विस्तृत जानकारी देकर भी जागरूक किया गया।

# मतगणना को लेकर जिला में तेज हुई प्रशासनिक तैयारियां

**जिला की तीनों विधानसभा की मतगणना के लिए लगेंगी 48 टेबल : डीसी।**

**बावल व रेवाड़ी के लिए 14-14, कोसली के लिए लगाई जाएंगी 20 टेबल**

**मतगणना अधिकारियों-कर्मचारियों को आज दिया जाएगा प्रशिक्षण।**

**4 जून को प्रात: 8 बजे से आरंभ होगी मतगणना प्रक्रिया।**

**प्रत्येक मतगणना टेबल पर नियुक्त रहेगा तीन-तीन कर्मचारियों का स्टाफ।**



**समाचार गेट/निकिता माधोगड़िया**

**रेवाड़ी।** उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी राहुल हुड्डा ने कहा कि 18वें लोकसभा आम चुनाव की मतदान प्रक्रिया शांतिपूर्ण सम्पन्न करवाने के उपरांत जिला प्रशासन द्वारा भारत चुनाव आयोग व मुख्य निर्वाचन आयोग हरियाणा के दिशा निर्देशानुसार जिला में मंगलवार 4 जून को होने वाली लोकसभा आम चुनाव की मतगणना के लिए तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। उन्होंने बताया कि रेंडमाइजेशन प्रक्रिया के माध्यम से जिले के तीनों विधानसभा क्षेत्रों नामत: 72-बावल, 73-कोसली व 74-रेवाड़ी की मतगणना के लिए टीम का चयन कर लिया गया है। उन्होंने बताया कि मतगणना प्रक्रिया के मद्देनजर अधिकारियों व कर्मचारियों को गुरूवार 30 मई को दोपहर 12 बजे जैन पब्लिक स्कूल ऑडिटोरियम में प्रथम मतगणना प्रशिक्षण तथा सोमवार 3 जून को द्वितीय मतगणना प्रशिक्षण दिया जाएगा।

उन्होंने बताया कि मतगणना टीम में मतगणना ऑब्जर्वर, माइक्रो आब्जर्वर व मतगणना सहायक शामिल होंगे। जिला निर्वाचन अधिकारी राहुल हुड्डा ने बताया कि मतगणना प्रक्रिया मंगलवार 4 जून को ठीक प्रात: 8 बजे से आरंभ होगी। पूरी मतगणना प्रक्रिया की वीडियोग्राफी होगी। उन्होंने बताया कि गुड़गांव संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले 72-बावल व 74-रेवाड़ी विधानसभा क्षेत्र की मतगणना रेवाड़ी के सेक्टर-18 स्थित राजकीय महिला महाविद्यालय में तथा रोहतक संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले 73-कोसली विधानसभा क्षेत्र की मतगणना सरकुलर रोड़ स्थित जैन पब्लिक स्कूल रेवाड़ी में होगी। उन्होंने बताया कि मतगणना के लिए कुल 48 टेबल लगाई जाएंगी। गुड़गांव संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले 72-बावल व 74-रेवाड़ी विधानसभा क्षेत्र की मतगणना के लिए 14-14 टेबल तथा रोहतक संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले 73-कोसली विधानसभा क्षेत्र की मतगणना के लिए 20 टेबल मतगणना स्थल पर लगाई जाएंगी। उन्होंने बताया कि प्रत्येक टेबल पर तीन सदस्यों का स्टाफ नियुक्त किया गया है, जिनमें काउंटिंग सुपरवाइजर, काउंटिंग सहायक व काउंटिंग माइक्रो आब्जर्वर शामिल होंगे। उन्होंने बताया कि मतगणना के दिन ही संबंधित स्टाफ को यह जानकारी मिलेगी कि उन्हें कौन सी टेबल पर मतगणना ड्यूटी देनी है। मतगणना के लिए रिजर्व स्टाफ की भी व्यवस्था की गई है।

# रेवाडी पुलिस युवक की हत्या करने के मामले में कार्रवाई करते हुए दो मुख्य आरोपियों को किया गिरफ्तार

**समाचार गेट/निकिता माधोगड़िया**

**रेवाड़ी।** एसपी शशांक कुमार सावन के दिशा निर्देशन में कार्य करते हुए सीआईए धारूहेडा व थाना जाटूसाना पुलिस ने संयुक्त कार्यवाही करते हुए युवक की हत्या के मामले में दो मुख्य आरोपियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए आरोपियों की पहचान मांडैया खुर्द निवासी आर्शीवाद तथा गाजी गोपालपुर निवासी बादल के रूप में हुई है।



जांचकर्ता ने बतलाया कि मामले में पीडित गांव परखोत्तमपुर निवासी प्रदीप उर्फ सोनू ने अपनी शिकायत में बतलाया कि दिनांक 01 मई 2024 को वह अपने साथी गांव डालियाकी निवासी दयाराम, गांव परखोत्तमपुर निवासी गोवर्धन व जितेन्द्र रात को करीब साढ़े 8-9 बजे चिलिंग सैन्टर जाटुसाना के पास दुकान पर बैठा हुआ था। उस समय गांव गोपालपुर गाजी निवासी बादल का फोन गोवर्धन के पास आया कि वह उससे मिलना चाहता है और बादल ने गोवर्धन को अपने घर गांव गाजी गोपालपुर बुला लिया तो वे सभी मोटरसाईकिल नम्बर पर सवार होकर गांव गाजी गोपालपुर मे बादल के मकान के पास पहुँचे तो वहां पहले से तैयार बादल के साथ चिकू, आशीर्वाद व अन्य नौजवान लडके जिन्होंने अपने-2 हाथो मे लिए हुए लोहे की राड व लाठी डंडो से हमला कर दिया जिससे उन सबको गंभीर चोटे लगी। डायल 112 पुलिस ने घायल प्रदीप उर्फ सोनू, गोवर्धन व दयाराम को ट्रामा सैन्टर रेवाडी मे दाखिल कराया। गोवर्धन को झगडे मे ज्यादा गंभीर चोटे लगने से एक निजि अस्पताल में ईलाज के दौरान मौत हो गई है। जिस पर जाटूसाना पुलिस ने मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। मामले की गंभीरता को देखते हुए एसपी शशांक कुमार सावन के निर्देशन में जयसिंह उप पुलिस अधीक्षक कोसली की देखरेख में निरीक्षक भगवत प्रसाद प्रबंधक थाना जाटूसाना एवं निरीक्षक सुमेर सिंह ईंचार्ज सीआईए रेवाडी की एसआईटी टीम का गठन किया गया। एसआईटी टीम ने सीआईए धारूहेडा के साथ मिलकर संयुक्त कार्यवाही करते हुए मामले में संलिप्त दो आरोपियों मांढैयाखुर्द निवासी आर्शीवाद व गाजी गोपालपुर निवासी बादल को कल दिनांक 28 मई 2024 को धारूहेडा बस स्टैंड से गिरफ्तार कर लिया। दोनो आरोपियों को आज अदालत में पेश करके अन्य आरोपियान के सम्बन्ध में पूछताछ के लिए 2 दिन के पुलिस रिमाण्ड पर लिया गया है। मामले में संलिप्त अन्य आरोपियो को जल्द ही गिरफ्तार किया जाएगा।

**गिरफ्तार आरोपियान के खिलाफ दर्ज अन्य मामले**

जांचकर्ता ने बतलाया कि आरोपी आशीवार्द के खिलाफ पूर्व में थाना सदर रेवाडी, शहर रेवाडी, खोल, जाटूसाना, रामपुरा में मारपीट व लडाई झगडे के कुल 8 मामले दर्ज हैं। इसी प्रकार आरोपी बादल के खिलाफ पूर्व में थाना जाटूसाना, कोसली व थाना जी0आर0पी0 रेवाडी में मारपीट, डकैती व आर्म्स एक्ट के कुल 8 मामले दर्ज हैं।

# हरियाणा का परिवार पहचान पत्र अब है बेस्ट डॉक्यूमेंट

**इसमें कार्यरत कर्मचारियों को सख्त निर्देश, लापरवाही अब नही होगी बर्दाश्त।**

**मुख्यमंत्री के निर्देश पर पूरे प्रदेश में 5 जून से लगेंगे कैंप : डॉ सतीश खोला**



**समाचार गेट/निकिता माधोगड़िया**

**रेवाड़ी।** परिवार पहचान पत्र को लेकर अब शिकायतें काफी स्तर पर कम हो गई है इसके लिए प्रशासनिक ढांचे को ओर मजबूत किया है इसमें आ रही परेशानियों को तुरंत ठीक करवाने के लिए कोऑर्डिनेटर डॉ.सतीश खोला व उनका कार्यालय और ज्यादा सक्रिय हो गया है। विभागीय कर्मचारियों की कार्यशैली को दुरुस्त करवाने के लिए लगातार निरीक्षण किए जा रहे है। मुख्यमंत्री नायब सैनी के निर्देश पर पूरे प्रदेश में जगह जगह कैंप भी लगाएं जायेंगे। डॉ. सतीश खोला व टीम ने अपने सैक्टर एक कार्यालय पर जन समस्याएं जानी और संबंधित अधिकारियों से समाधान करवाकर सैंकड़ों परिवारों को सरकार की योजनाओं का तुरंत लाभार्थी भी बनवाया। डॉ. सतीश खोला ने गांव व वार्ड स्तर पर कार्यरत कर्मचारियों को सभी शिकायतकर्ताओं का पूरा ब्यौरा दर्ज करने के सख्त निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी के नाम, फोन नंबर, संबंधित शिकायत सभी रिकॉर्ड के साथ दर्ज होनी चाहिए और जायज शिकायतों के समाधान की समय सीमा भी कर्मचारीयों ने लोगों से बतानी चाहिए।

डॉ. सतीश खोला ने कहा की परिवार पहचान पत्र मुख्यमंत्री जी की अति महत्वाकांक्षी योजना है जो निश्चित रूप से भ्रष्टाचार को जड़ मूल से खत्म करेगी और सरकारी योजनाओं के क्रियान्वयन के समय सीमा को भी कम करेगी इसलिए सभी पात्र लोगों को जल्द से जल्द इसका लाभ लेना चाहिए। परिवार पहचान पत्र अब प्रदेश का बेस्ट डॉक्यूमेंट है। डीजिटल माध्यम से राशन कार्ड, आयुष्मान कार्ड, चिरायु कार्ड, आन्या कार्ड, बुढ़ापा पैंशन, निराश्रित पैंशन, लाडली पैंशन, मैरिज सर्टिफिकेट , इनकम सर्टिफिकेट बनवाने की आसान प्रक्रिया भी उपस्थित लोगों को विस्तार से बताई। कार्यक्रम में मोनिका, सुशीला, सत्यवीर, बाबूलाल, रामनारायण, नरेंद्र सिंह, बिल्लूराम, ओमदत्त, संदीप, संजय, सत्यनारायण, कर्मवीर, संतोष देवी, प्रदीप कुमार समेत काफी संख्या में आज ही लाभार्थी बनाए गए।

# हमारे जमाने में साइकिल तीन चरणों में सीखी जाती थी

**समाचार गेट ब्यूरो**

हमारे जमाने में साइकिल तीन चरणों में सीखी जाती थी

पहला चरण - कैंची

दूसरा चरण - डंडा

तीसरा चरण - गद्दी

तब साइकिल की ऊंचाई 24 इंच हुआ करती थी जो खड़े होने पर हमारे कंधे के बराबर आती थी ऐसी साइकिल से गद्दी चलाना मुनासिब नहीं होता था।

कैंची वो कला होती थी जहां हम साइकिल के फ्रेम में बने त्रिकोण के बीच घुस कर दोनो पैरों को दोनो पैडल पर रख कर चलाते थे।

और जब हम ऐसे चलाते थे तो अपना सीना तान कर टेढ़ा होकर हैंडिल के पीछे से चेहरा बाहर निकाल लेते थे, और क्लींङ क्लींङ करके घंटी इसलिए बजाते थे ताकी लोग बाग़ देख सकें की लड़का साईकिल दौड़ा रहा है।



आज की पीढ़ी इस एडवेंचर से महरूम है उन्हे नही पता की आठ दस साल की उमर में 24 इंच की साइकिल चलाना जहाज उड़ाने जैसा होता था।

हमने ना जाने कितने दफे अपने घुटने और मुंह तोड़वाए है और गज़ब की बात ये है कि तब दर्द भी नही होता था, गिरने के बाद चारो तरफ देख कर चुपचाप खड़े हो जाते थे अपना हाफ कच्छा पोंछते हुए।

अब तकनीकी ने बहुत तरक्क़ी कर ली है पांच साल के होते ही बच्चे साइकिल चलाने लगते हैं वो भी बिना गिरे। दो दो फिट की साइकिल आ गयी है, और अमीरों के बच्चे तो अब सीधे गाड़ी चलाते हैं छोटी छोटी बाइक उपलब्ध हैं बाज़ार में।

मगर आज के बच्चे कभी नहीं समझ पाएंगे कि उस छोटी सी उम्र में बड़ी साइकिल पर संतुलन बनाना जीवन की पहली सीख होती थी! जिम्मेदारियों की पहली कड़ी होती थी जहां आपको यह जिम्मेदारी दे दी जाती थी कि अब आप गेहूं पिसाने लायक हो गये हैं।

इधर से चक्की तक साइकिल ढुगराते हुए जाइए और उधर से कैंची चलाते हुए घर वापस आइए !

और यकीन मानिए इस जिम्मेदारी को निभाने में खुशियां भी बड़ी गजब की होती थी।

और ये भी सच है की हमारे बाद कैंची प्रथा विलुप्त हो गयी।

हम लोग की दुनिया की आखिरी पीढ़ी हैं जिसने साइकिल चलाना तीन चरणों में सीखा !

पहला चरण कैंची

दूसरा चरण डंडा

तीसरा चरण गद्दी।

हम वो आखरी पीढ़ी हैं, जिन्होंने कई-कई बार मिटटी के घरों में बैठ कर परियों और राजाओं की कहानियां सुनीं, जमीन पर बैठ कर खाना खाया है, प्लेट में चाय पी है।

हम वो आखरी लोग हैं, जिन्होंने बचपन में मोहल्ले के मैदानों में अपने दोस्तों के साथ पम्परागत खेल, गिल्ली-डंडा, छुपा-छिपी, खो-खो, कबड्डी, कंचे जैसे खेल खेले हैं।



# डॉक्टर पर महिला की आंत काटने का आरोप

समाचार गेट/एजेंसी



**आगरा** । एक डॉक्टर को भगवान का दर्जा इसलिए दिया जाता है क?योंकि वह भगवान की बनाई हुई इंसान रूपी मशीन को ठीक कर देता है। मगर कुछ लालची डॉक्टर अपनी मर्यादा भूलकर इतनी बडी लापरवाही कर देते हैं। कि लोगों की जान जोखिम में आ जाती है। ऐसा ही एक मामला ताजगंज क्षेत्र का सामने आया है। शमसाबाद रोड के रहने वाले अविनाश सेंगर का आरोप है कि एक डॉक्टर ने ऑपरेशन के दौरान उनकी पत?नी की आंत काट दी। इसके बाद उसके पेट को सिल भी दिया। कई दिनों तक परेशान रहने के बाद जब दूसरे डॉक्टर को दिखाया तो हकीकत सामने आई। पत्नी की जान तो बच गई, लेकिन लापरवाह डॉक्टर के खिलाफ कार्रवाई नहीं हो सकी।

शमसाबाद रोड जयपुरिया थाना ताजगंज के रहने वाले अविनाश सेंगर ने बताया कि उनकी पत्नी के गर्भवती थीं। पेट में दो बच्चे पल रहे थे। पत्नी का इलाज एक निजी हॉस्पिटल में चल रहा था।

अविनाश का कहना है कि 29 मई 2022 को वे हॉस्पिटल पत्नी को दिखाने गए।

हॉस्पिटल की डॉ. अनुप्रिया सिंह ने उनकी पत्नी प्रियंका सिंह का ऑपरेशन किया। दो जुड़वा बच्चे पैदा हुए।

पत्नी को परेशानी होने पर डॉक्टर अनुप्रिया सिंह ने दवाई लिख दीं और कहा कि 1-2 दिन में सब ठीक हो जाएगा।

मगर उसकी पत्नी की परेशानियां बढ़ने लगीं। कुछ दिनों बाद उन्होंने दूसरे डॉक्टर को दिखाया तो अल्ट्रासाउंड के बाद ऑपरेशन करने की सलाह दी।

अविनाश सेंगर का कहना है कि दूसरे डॉक्टर ने ऑपरेशन में बताया कि उनकी पत्नी की आंत कटी हुई हैं। शरीर में इंफेक्शन होने पर पस पड़ गया है। बमुश्कि ल उनकी पत्नी की जान बच सकी।

उन्होंने इसकी शिकायत पुलिस से की, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई।

उन्होंने कोर्ट में माध्यम से आरोपी चिकित्सकऔर हॉस्पिटल कर्मचारियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई। प्रशासनिक अधिकारियों के साथ-साथ डीजी हेल्थ से भी इसकी शिकायत की गई।

जिसमें मिजस्ट्रेटी जांच के आदेश हुए। सीएमओ ने चिकित्सकों को पैनल बनाया जिसमें चिकित्सक को क्लीन चिट दी गई।

पीड़ित के आरोप

अविनाश सेंगर का आरोप है कि सीएमओ ने अपनी जांच में चिकित्सक को क्लीन चिट दी है।

जांच कर रहे पैनल ने उनकी पत्नी के बयान दर्ज नहीं किए थे। जब वह सीएमओ से मिलने पहुंचा था तो सीएमओ डॉ. अरुण श्रीवास्तव ने उसे ऊपर से नेताओं का दबाव होने के कारण कार्रवाई नहीं करने की बात कही थी।

क्या कहते हैं सीएमओइस बारे में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. अरुण कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि पीड़ित की शिकायत पर मिजस्ट्रेट द्वारा जांच गई थी।

इसके साथ ही उन्होंने चिकित्सकों का एक पैनल गठित कर जांच कराई थी।

ऑपरेशन के 23 दिन बाद दूसरा ऑपरेशन हुआ था।


इमेंसमें कहीं भी लापरवाही सामने नहीं आई है।

उन्होंने यह भी कहा कि अगर वे जांच से संतुष्ट नहीं हैं तो फिर से जांच करवा सकते हैं।

**कोर्ट से दर्ज कराई प्राथमिकी अनिवाश सेंगर ने बताया कि इसके बाद उन्होंने डॉ अनुप्रिया सिंह के खिलाफ कार्रवाई करवाने का मन बना लिया।**

# भतीजा बन दरवाजे पर आया और फिर बेटे को उठा लिया

समाचार गेट/एजेंसी



**सीतामढ़ी**।६ बिहार के सीतामढ़ी जिले में अपराधी पूरी तरह बेलगाम हो गए हैं। कुछ अपराधी तो इस कदर निर्भीक और बेखौफ हो चले हैं, जो दिन के उजाले में भी आपराधिक घटनाओं को अंजाम देने से बाज नहीं आ रहे हैं। बहरहाल, पुलिस सख्त है, फिर भी जिले में आपराधिक घटनाएं रुक नहीं रही है और अपराधी बेखौफ होते जा रहे हैं। अपराधियों ने फिर एक घटना को अंजाम देकर पुलिस को चुनौती दे दी है। ताजा मामला फायरिंग कर युवक को अगवा कर लेने का है।

आधा दर्जन थे अपराधी

यह घटना जिले के बैरगनिया थाना क्षेत्र के सतपुरवा गांव का है। बदमाशों में एक युवक को अगवा करने के साथ ही आधा दर्जन से अधिक राउंड फायरिग भी की और फरार हो गए। अपहत युवक अख्ता पश्चमी चकवा पंचायत के सतपुरवा वार्ड एक के अनवारुल हक उर्फ अंसारुल हक ने थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई है। कहा है कि उसके दरवाजे पर कुछ अंजान लोग पहुंचे। उसे चाचा-चाचा कहकर पुकारा तो दरवाजा खोला। देखा कि 5-6 आदमी खडा है। उन लोगों ने उसे गाली देना शुरू कर दिया। फिर पकड कर ले जाने की कोशिश की। हालांकि वह किसी तरह अपराधियों के चंगुल में फंसने से बच गए।

पुत्र को कर लिया अगवा

इसी दौरान अनवारूल का पुत्र जैद ( 15 वर्ष ) बाहर निकला, तो अपराधियों ने उसे पकड़ लिया और चंद मिनटों के अंदर उसे घसीटते हुए किडनैप कर लिया और फरार हो गए। इस दौरान अपराधियों ने कई राउंड फायरिंग भी की। पुलिस को बताया है कि ग्रामीण अख्तार मियां, असलम मियां और अनवर मियां से जमीनी विवाद है, जिसको ग्राम कचहरी और अंचल कार्यालय को आवेदन दिया। कार्रवाई नहीं हुई तो उन लोगों ने जबरन उसकी जमीन पर घर बना लिया। विरोध करने पर लोगों ने उसके और उसके पुत्र के साथ गाली-गलौज और मारपीट किया। इस संबंध में भी थाना में आवेदन दिया। अनवारुल का दावा है कि आरोपितों ने ही उसके पुत्र को अगवा किया है। पुलिस ने मौके से आधा दर्जन से अधिक खोखा बरामद किया है।

# देहरादून का अधिकतम तापमान तीसरे दिन भी लगातार 40 डिग्री के पार



समाचार गेट/एजेंसी

**देहरादून**। उत्तराखंड के पर्वतीय जिलों में आज गर्म हवाएं चलने की संभावना है। कुछ इलाकों में हल्की बारिश होने के भी आसार हैं। उत्तराखंड में गर्मी का प्रकोप खूब बरस रहा है। झुलसा देने वाली गर्मी से लोग बेहाल हैं। देहरादून का अधिकतम तापमान तीसरे दिन भी लगातार 40 डिग्री के पार रहा।

वहीं गर्म हवाओं के चलते रात के समय भी उमस भरी गर्मी परेशान कर रही है। इस बार मई का महीना कई बार गर्मी के रिकॉर्ड तोड़ चुका है। इस महीने में अब तक 7 दिन पारा 40 डिग्री के पास पहुंच गया।

बुधवार से अगले 2 दिन तक तापमान में सामान्य से चार से पांच डिग्री तक की बढ़ोतरी होने की संभावना है। जिसके चलते मैदान से लेकर पहाड़ तक गर्म हवाएं परेशान कर सकती हैं।

मौसम विज्ञान केंद्र के अनुसार रु द्रप्रयाग, चमोली, उत्तरकाशी, अल्मोड़ा, नैनीताल,चंपावत, बागेश्वर और पिथौरागढ़ के कुछ इलाकों में दोपहर और शाम के समय 30 से 40 किलोमीटर की तेजी से झोंकेदार हवाएं चलने की संभावना है। मौसम विज्ञान केंद्र के निदेशक विक्रम सिंह के अनुसार सामान्य तापमान में 4.5 डिग्री की बढ़ोतरी के बाद गर्म हवाएं चलती हैं। इस बार मैदान से लेकर पर्वतीय जिलों तक सामान्य तापमान में 4 से 5 डिग्री का इजाफा हुआ है। जिसके चलते पहाड़ों पर भी गर्म हवाएं चलने लगी है।

मंगलवार को देहरादून का अधिकतम तापमान 40.6 और न्यूनतम तापमान 24.4 डिग्री सेल्सियस रहा। पंतनगर का अधिकतम तापमान 40. 8 और न्यूनतम तापमान 27.0 डिग्री सेल्सियस रहा। मुक्तेश्वर का अधिकतम तापमान 29.6 और न्यूनतम तापमान 15.5 डिग्री सेल्सियस रहा। नई टिहरी का अधिकतम तापमान 29.2 और न्यूनतम तापमान 19.3 डिग्री सेल्सियस रहा।

# पंजाब-हरियाणा के लिए खुशखबरी, जून में जल्द आएगा मानसून

समाचार गेट/एजेंसी

**चंडीगढ़**। नौतपे में तप रहे पंजाब और हरियाणा के लिए राहत की खबर यह है कि इस बार मानसून समय से पहले ही दस्तक दे सकता है। इसके साथ ही लोगों को भीषण गर्मी से राहत मिलेगी। आईएमडी के अनुसार,अगले दो दिनों में मॉनसून केरल में सिक्रय हो जाएगा। पंजाब हरियाणा समेत उत्तर भारत तक मानसून को 25-26 दिनों का समय लगता है। इस लिहाज से अभी पंजाब और हरियाणा के लोगों को मॉनसून के लिए एक महीने का इंतजार करना पड़ेगा। दिल्ली, पंजाब और हरियाणा में 27 जून के बाद बारिश होगी। मौसम विभाग ने इस साल 104 फीसदी बारिश होने की भविष्यवाणी की है।पंजाब-हरियाणा में पड़ रही है रेकॉर्डतोड़ गर्मीहरियाणा के सभी जिलों में तापमान 45 डिग्री सेल्सियस को पार कर गया। मंगलवार को सिरसा का तापमान 50.3 और नूंह का पारा 49 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया। इसके अलावा हिसार, झज्जर, मेवात, रोहतक, जिंद और महेंद्रगढ़ में भी तापमान करीब 48 डिग्री सेल्सियस रहा। पंजाब का भी गर्मी से बुरा हाल है। लुधियाना में गर्मी ने 80 साल का रेकॉर्ड तोड़ दिया। मंगलवार को लुधियाना का तापमान 8.3 डिग्री और पिटयाला का 47 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था। अमृतसर में भी रेकॉर्डतोड़ गर्मी पड़ रही है। मौसम विभाग ने इन दोनों राज्यों में हीटवेव का अलर्ट जारी किया है। तीन जून के बाद गर्मी से राहत मिल सकती है।27 जून को नॉर्थ इंडिया में होगी मानसून की एंट्रीमौसम विज्ञान विभाग के अनुसार, पिछले 19 मई को तय समय से पहले दक्षिण-पश्चिम मानसून अंडमान में सिक्र य हो गया है। केरल में प्री मानसून की बारिश शुरू हो गई है। 31 मई को मानसून केरल पहुंच जाएगा। 6-7 जून तक यह कर्नाटक और 11 जून तक महाराष्ट्र पहुंच जाएगा। 15 जून से मध्य प्रदेश में बारिश शुरू होगी। 18 जून के बाद से मानसून उत्तर प्रदेश को भिगोएगा। अगर सही रहा तो 25 जून से उत्तर भारत में मानसून का असर नजर आने लगेगा। दिल्ली, हरियाणा, पंजाब और राजस्थान में 30 जून को मानसून की एंट्री को होती है, मगर इस बार हरियाणा-पंजाब में 27 जून से बारिश शुरू हो सकती है। 8 जुलाई को मानसून पूरे देश में सिक्रय रहेगा। एक जून से 30 सितंबर के बीच देश के अधिकतर हिस्सों में जमकर बारिश होने की संभावना है।



# रेलवे अफसर पिता और भाई की हत्या कर प्रेमी संग भाग निकली

समाचार गेट/एजेंसी

**हरिद्वार**। मध्य प्रदेश के जबलपुर में कुछ महीनों पहले पिता और पुत्र की हत्या का मामला सामने आया था। डबल मर्डर के बाद नाबालिग बेटी अपने प्रेमी के साथ फरार चल रही थी। 75 दिन बाद जाकर पुलिस ने लड़की को हरिद्वार के एक होटल से गिरफ्तार कर लिया है। उसका बॉयफ्रेंड मुकल सिंह भागने में कामयाब रहा। पुलिस ने उस पर 30 हजार रुपये का इनाम रखा है। इससे पहले मुंबई, गोवा, पुणे और हुबली में भी उनके रहने की जानकारी मिली थी। जबलपुर पुलिस की एक टीम लड़की को लेने के लिए हरिद्वार रवाना हो चुकी है।

गौरतलब है कि इस साल 14 मार्च को जबलपुर की मिलेनियम कॉलोनी में डबल मर्डर हुआ था। रेलवे अधिकारी राजकुमार विश्वकर्मा और उनके आठ साल के बेटे तनिष्क की हत्या कर दी गई थी। राजकुमार की नाबालिग बेटी ने अपने प्रेमी मुकुल सिंह के साथ मिलकर इस हत्याकांड को अंजाम दिया था। मुकुल के पिता भी रेलवे अफसर हैं और इसी कॉलोनी में रहते हैं। कई शहरों के सीसीटीवी फुटेज में लड़की और मुकुल एक साथ नजर आए हैं। पुलिस ने आरोपी मुकुल का बैंक अकाउंट फ्रीज करवा दिया था। इसके बाद भी उसके पास कहीं से पैसे पहुंच रहे थे, तभी वह लगातार खर्च कर रहा था। पुलिस इस एंगल से भी जांच कर रही है कि फरारी के दौरान आरोपियों की कौन मदद कर रहा था।



भाई तनिष्क के शव को फ्रि ज में ठूंस दिया गया था६जबलपुर के एसएसपी प्रमेंद्र सिंह डोबाल ने बताया कि लड़की को ले आने के लिए एक पुलिस टीम हरिद्वार के लिए रवाना हो गई है। मुकुल ने लड़की के साथ मिलकर हत्याकांड को अंजाम दिया था। मुकुल ने रेलवे कर्मचारी राजकुमार के शव को पन्नी में बांधकर किचन में फेंक दिया था, जबकि तनिष्क के शव को कपड़े में बांधकर फ्रि ज में बुरी तरह से ठूंस दिया गया था। मौके पर पहुंची पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज में देखा कि मुकुल सिंह राजकुमार की नाबालिग बेटी के साथ बैग लेकर स्कूटर से कॉलोनी से निकलता हुआ नजर आया था। तभी से दोनों को पुलिस तलाश रही थी।

» **बेटी ने अपने प्रेमी के साथ मिलकर पिता और भाई की हत्या कर दी थी। हरिद्वार से पहले दोनों की लोकेशन मथुरा मिली थी।**

» **एक ही कॉलोनी में रहते हैं मुकुल और लड़की**

# कोई भी शरीफ मुसलमान अपने बेटों का नाम औरंगजेब नहीं रखताः योगी



समाचार गेट/एजेंसी

**देविरया**। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि जैसे यूपी से माफिया का सफाया किया गया है, वैसे ही पूर्वांचल से इन्सेफलाइटिस को भी समाप्त कर दिया गया है।

उन्होंने सपा और कांग्रेस को भारत की आस्था के साथ खिलवाड़ करने वाली पार्टी बताया।

कहा कि सपा माफिया परस्त है और अपराधियों को अपने गले का हार बनाती है।

वहीं कांग्रेस अमेरिका की तरह देश में विरासत टैक्स लगाना चाहती है, जो औरंगजेब का जजिया कर है।

योगी ने कहा कि आज कोई भी शरीफ मुसलमान अपने बेटों का नाम औरंगजेब नहीं रखता, क्योंकि उसने अपने भाई की हत्या और पिता को कैद करके पानी-पानी के लिए तरसा दिया था। भाजपा सरकार इस पूरे क्षेत्र का विकास करके आपका कर्ज चुकाने का काम करेगी। सीएम योगी ने कहा कि देश में एक ही स्वर गूंज रहा है फिर एक बार मोदी सरकार और अबकी बार 400 पार । इस नारे से ही सपा, कांग्रेस और बसपा को चक्कर आने लगता है। उनके पास इतनी सीटों पर लड़ने के लिए प्रत्याशी ही नहीं मिले। अब तो जनता कहती है कि जो राम को लाए हैं हम उनको लाएंगे और 2024 में फिर से कमल खिलाएंगे ।

# शेविंग के लिए देर से पहुंचा नाई तो जेल में ठूंस दिया !

समाचार गेट/एजेंसी



बदायूं: उत्तर प्रदेश के जनपद बदायूं में तैनात पुलिस सीओ सुनील कुमार का अजीबो-गरीब मामला सामने आया है। बिसौली नगर में नगर पालिका के निकट नाई दलबीर का सैलून है। मंगलवार सुबह सैलून पर ग्राहक अधिक थे। इस दौरान सीओ सुनील कुमार बिसौली का फरमान पहुंचा कि साहब की शेविंग आवास पर होनी है। नाई ने सीओ सुनील कुमार के आवास पर पहुंचने में देरी कर दी। ऐसा आरोप है कि सीओ साहब का पारा चढ़ गया और कोतवाल सुनील अहलावत को हुक्म जारी कर दिया कि नाई विनोद को हिरासत में ले लिया जाए। अब साहब के आदेश का पालन करना कोतवाल साहब की मजबूरी कहे या फिर कुछ और उन्होंने भी बिना देरी किए नाई विनोद को पकड़कर हवालात में डाल दिया।

नाई के परजिन में बिसौली पुलिस का खौफ इतना था कि वो शाम तक उसको छुड़ाने के लिए इधर-उधर भटकते रहे। पुलिस के भय से पहले तो गरीब नाई के परजिन कुछ बोलने से बचते रहे लेकिन जब 24 घंटे बीत जाने के बाद भी नाई विनोद को थाने से नहीं छोड़ा गया तब जाकर आज पीड़ित नाई के परजिन आपबीती सुनाई। इधर मामला जब मीडिया को पता चला तो बुधवार को सुर्खि यों में आ गया, जिसके बाद पुलिस का अजीबो-गरीब कारनामे की चर्चा आम हो गई।

सीओ बोले- गाली-गलौच पर ऐक्शन

हालांकि इस मामले में सीओ सुनील कुमार ने खंडन करते हुए कहा है कि नाई के आरोप निराधार है। एक वाल्मीकि व्यक्ति उसके यहां बाल कटाने गया उसके साथ नाई ने गाली-गलौज की और मुकदमा लिखा जा रहा है। जब सीओ सुनील कुमार के मोबाइल फोन पर यह जानना चाहा कि करीब 24 घंटे बाद वो छोड़ दिया गया तो उन्होंने बताया कि 7 साल से कम सजा जिन मामलों में होती है, उसे गिरफ्तार नहीं किया जा सकता।

एसपी बोले- सवालों के घेरे में

पूरे प्रकरण में एसपी देहात राममोहन सिंह का कहना है कि सीओ बिसौली ने अगर ऐसा किया है तो बहुत गलत है। मामला मेरे संज्ञान में नहीं है। पता करता हूं क्या हुआ है। बहरहाल जो भी सही लेकिन बिसौली सीओ सुनील कुमार का यह कारनामा सवालों के घेरे में नजर आ रहा है। गरीब नाई बिनोद के परजिन पुलिस पर साफ तौर पर आरोप लगा रहे है लेकिन पुलिस के भय के चलते डरे सहमे भी हैं।

वैसे तो बदायूं पुलिस के कंधों पर स्टार बोलते लेकिन यहां यह कारनामा बदायूं पुलिस की फजीहत करा रहा है और बेलगाम अफसरशाही की कलई खोल रहा है।

वायरल वीडियो से ट्विस्ट

जब सीओ पर नाई द्वारा शेविंग में देरी करने से नाराज होकर नाई को बंद करने की खबर सामने आई तो पूरे मामले में नया मोड़ आया है।

एक वीडियो वायरल हुआ है जिसमें एक व्यक्ति नाई पर गाली-गलौज देने की बात कह रहा है।

वहीं हिरासत में लिए नाई को पुलिस ने छोड़ दिया है जिसके बाद यह वीडियो वायरल हो रहा है जो जांच का पार्ट है।

# 2 जून को ही केजरीवाल को करना होगा सरेंडर

समाचार गेट/एजेंसी

**नई दिल्ली**। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की अर्जी सुप्रीम कोर्ट ने खारिज कर दी है। केजरीवाल की ओर से 7 दिन जमानत अविध बढ़ाने की अर्जी दी गई थी। अर्जी खारिज होने के बाद 2 जून को अब केजरीवाल को सरेंडर करना होगा। सुप्रीम कोर्ट की ओर से केजरीवाल की अर्जी स्वीकार नहीं की गई है। सुप्रीम कोर्ट रजिस्ट्री ने बुधवार यह कहते हुए आवेदन ठुकरा दिया कि सीएम को नियमति जमानत के लिए ट्रायल कोर्ट जाने की छूट दी गई थी।

सुप्रीम कोर्ट की ओर से मंगलवार यह कहा गया था कि दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की अंतरिम जमानत की अविध बढ़ाने का अनुरोध करने वाली याचिका को तत्काल सूचीबद्ध करने के संबंध में कोई भी फैसला चीफ जिस्टस (सीजेआई) लेंगे क्योंकि मुख्य मामले पर फैसला पहले से सुरिक्षत है। केजरीवाल ने अचानक वजन छह से सात किलोग्राम कम हो जाने के कारण कई मेडिकल जांच कराने के लिए सुप्रीम कोर्ट से अंतरिम जमानत की अविध सात दिन बढ़ाने की अर्जी लगाई थी। अब वह अर्जी खारिज कर दी गई है।



अरविंद केजरीवाल की ओर से 26 मई को दायर याचिका में कहा गया था कि वह जेल लौटने के लिए कोर्ट द्वारा निर्धारित की गई तारीख 2 जून के बजाय 9 जून को आत्मसमर्पण करना चाहते हैं। याचिका में कहा गया था कि उनका वजन छह से सात किलोग्रामकम हो गया है और उनका कीटोन स्तर बहुत अधिक है, जो गुर्दा (किडनी), हृदय की गंभीर बीमारी और यहां तक कि कैंसर का संभावित संकेतक है।

सुप्रीम कोर्ट ने 10 मई को लोकसभा चुनाव के मद्देनजर केजरीवाल को प्रचार करने के लिए एक जून तक यानी 21 दिन की अंतरिम जमानत दी थी, जिसके अनुसार उन्हें 2 जून को तिहाड़ जेल लौटना है।

# 9 जून को थर-थर कापेंगे गेंदबाज; जान लें ये बेजोड़ आंकड़े

समाचार गेट/एजेंसी







**नई दिल्ली**। टी20 वर्ल्ड कप 2024 की उल्टी गिनती शुरू हो चुकी है। इस टूर्नामेंट की शुरुआत 1 जून से वेस्टइंडीज और अमेरिका की मेजबानी में होनी है। इस मेगा इवेंट के जरिए भारतीय टीम लंबे समय से चले आ रहे आईसीसी ट्रॉफी के सूखे को खत्म करना चाहेगी। बता दें कि साल 2022 में भारतीय टीम को सेमीफाइनल मैच में हार झेलनी पड़ी थी।

भारतीय टीम इस बार टूर्नामेंट में अपने अभियान का आगाज आयरलैंड के खिलाफ मैच खेलकर करेगी। इसके बाद टीम इंडिया का सामना 9 जून को पाकिस्तान से होना है, जिस मैच का क्रिकेट फैंस को बेसब्री से इंतजार है। पाकिस्तान के खिलाफ विराट कोहली बल्ले से धमाल मचाते हुए नजर आ सकते हैं। ऐसे में जानते हैं टी20 विश्व कप में विराट कोहली का पाकिस्तान के खिलाफ रिकॉर्ड कैसा रहा है।

टी20 वर्ल्ड कप में विराट कोहली का पाकिस्तान के खिलाफ हमेशा ही बल्ला जमकर गरजता है। कोहली पाकिस्तान के खिलाफ सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी है। उन्होंने पाकिस्तान के खिलाफ पांच अर्धशतक जड़े हैं। उन्होंने साल 2012 से 2022 तक टी20 विश्व कप में पाकिस्तान के खिलाफ कुल 10 मैच खेले और 488 रन बनाए। इस दौरान उनका उच्चतम स्कोर नाबाद 82 रन का रहा, जो साल 2022 में खेले गए मैच में आया था। कोहली के दम पर भारत ने पाकिस्तान के जबड़े से छीनी थी जीत

साल 2022 और तारीख 23 अक्टूबर की, जब भारत और पाकिस्तान के बीच हाई-वोल्टेज मुकाबला खेला गया था। ये दिन शायद ही कभी पाकिस्तान टीम भूल पाएगी, क्योंकि इस दिन गरजा था किंग कोहला का बल्ला। मेलबर्न क्रिकेट स्टेडियम में खेले गए इस मैच में पाकिस्तान ने पहले 8 विकेट खोकर 158 रन बना लिए थे। शान मसूद ने 52 रन की पारी खेली और इफ्तिखार अहमद ने 51 रन बनाए। भारत की तरफ से अर्शदीप सिंह और हार्दिक पांड्या ने कमाल की गेंदबाजी करते हुए तीन-तीन विकेट चटकाए।

इसके जवाब में भारतीय टीम की शुरुआत बेहद ही खराब रही। 31 रन के स्कोर तक भारत ने अपने 4 विकेट गंवा दिए थे। इसके बाद विराट कोहली ने टीम की पारी को संभालने की जिम्मेदारी उठाई और हार्दिक पांड्या के साथ मिलकर पाकिस्तान के गेंदबाजों को धो डाला। हार्दिक-कोहली के बीच कुल 113 रन की साझेदारी बनी।

इन दोनों ने भारतीय फैंस की खोई हुई आशा को फिर से जगा दिया, लेकिन आखिरी ओवर में हार्दिक 37 गेंद में 40 रन बनाकर आउट हो गए थे। इस वक्त फैंस की सांसे थम सी गई, लेकिन फिर भी सभी को जीत का विश्वास था, क्योंकि क्रीज पर किंग कोहली टिके हुए थे। आखिरी 3 ओवर में 48 रन बनाना मुश्किल था। 18वें ओवर में 17 रन आए और 19वें ओवर में कोहली ने हैरिस रऊफ को 2 छक्के जड़े, जिसे वह कभी नहीं भूल पाएंगे। आखिरी ओवर में अश्विन ने सिंगल लेकर टीम को 4 विकेट से जीत दिलाई।

# टीम से जुड़े हार्दिक, बीसीसीआई ने शेयर किया प्रैक्टिस सेशन का वीडियो

समाचार गेट/एजेंसी



**नई दिल्ली**। टी20 वर्ल्ड कप 2024 का आगाज 1 जून से वेस्ट-इंडीज और अमेरिका की मेजबानी में होना है। इस मेगा इवेंट के लिए भारतीय टीम यूएसए पहुंच चुकी है। भारतीय टीम ने यूयॉर्क पहुंचकर अपनी तैयारियां भी शुरू कर दी।

बीसीसीआई ने हाल ही में अपने एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर एक वीडियो शेयर किया है, जिसमें टीम इंडिया के खिलाड़ी प्रैक्टिस सेशन में हिस्सा लेते हुए नजर आ रहे है। खिलाड़ियों को एकजुट होकर फुटबॉ खेलते हुए देखा जा रहा है। स्टार ऑलराउंडर और विश्व कप के लिए उपकप्तान हार्दिक पांड्या भी टीम के साथ जुड़ चुके हैं।

दरअसल, टी20 वर्ल्ड कप 2024 में भारतीय टीम के खिलाड़ियों का प्रैक्टिस सेशन का वीडियो बीसीसीआई ने शेयर किया, जिसमें खिलाड़ियों को मैदान पर जॉगिंग करते हुए देखा जा रहा है। इस वीडियो में जसप्रीत बुमराह कहते हुए नजर आ रहे है कि हम यहां क्रिकेट नहीं खेलने आए, बल्कि हम यहां टीम एक्टिविटी करने आए है। मौसम अच्छा लग रहा है। वायरल वीडियो में हार्दिक पांड्या भी नजर आए, जो टीम के साथ जुड़ गए है। हार्दिक कहते है कि काफी अच्छा लग रहा है टीम के साथ जुड़ने में। वहीं, रविंद्र जडेजा और सूर्यकुमार यादव ने कहा कि न्यूयॉर्क में पहली बार क्रिकेट खेलना काफी अच्छा रहा। उम्मीद है कि हम यहां अच्छा खेल दिखाएंगे।

बता दें कि भारतीय टीम को 1 जून को बांग्लादेश के खिलाफ प्रैक्टिस मैच खेलना हैं। इस बार भारतीय टीम केवल एक ही वार्म अप मैच खेलेगी।

वहीं, इस मेगा इवेंट में टीम इंडिया अपने अभियान का पहला आगाज आयरलैंड के खिलाफ मैच खेलकर करेगी।

**भारतीय टीम इस प्रकार-**

रोहित शर्मा (कप्तान), हार्दिक पांड्या (उपकप्तान), यशस्वी जायसवाल, विराट कोहली, सूर्यकुमार यादव, संजू सैमसन, ऋषभ पंत, शिवम दुबे, रवींद्र जडेजा, अक्षर पटेल, कुलदीप यादव, युजवेंद्र चहल, अर्शदीप सिंह, जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद सिराज।

# टी20 वर्ल्ड कप के पहले अफगानिस्तान की भिड़ंत



समाचार गेट/एजेंसी

टी20 वर्ल्ड 2024 के वार्मअप मुकाबलों की शुरुआत हो गई है। वेस्टइंडीज और अमेरिका में होने वाले टूर्नामेंट के अभ्यास मैच भी दोनों ही जगह खेले जा रहे हैं। 7वां वार्मअप मैच अफगानिस्तान और ओमान के बीच खेला जाएगा। यह मुकाबला पोर्ट ऑफ स्पेन के क्वींस पार्क ओवल मैदान पर खेला जाएगा। अफगानिस्तान का यह पहला तो ओमान का दूसरा अभ्यास मैच है।कैसी होगी क्वींस पार्क ओवल की पिच?क्वींस पार्क ओवल की पिच कभी से बल्लेबाजों के लिए आसान नहीं रही है। यहां अभी तक 6 टी20 इंटरनेशनल मैच हुए हैं। इसमें एक बार भी कोई टीम 160 का स्कोर नहीं बना पाई है। इस मैदान पर शॉट खेलना आसान नहीं होता। यही वजह है कि अफगानिस्तान और ओमान के मुकाबले में बड़ा स्कोर देखने को नहीं मिले। पहले खेलने वाले टीम 140 रन भी बना देती है तो उसे चेज करना आसान नहीं होने वाला है।अफगानिस्तान से नहीं जीत पाया है ओमानओमान ने अपने पहले अभ्यास मैच में जीत हासिल की थी। ब्रायन लारा स्टेडियम पर ओमान ने पपुआ न्यू गिनी को 3 विकेट से हराया था। पीएनजी ने उस मैच में 137 रन बनाए थे। ओमान ने आखिरी ओवर में तीन विकेट खोकर मैच अपने नाम कर लिया था। अफगानिस्तान और ओमान के बीच अभी तक 5 टी20 मैच हुए हैं। सभी मैचों में अफगानिस्तान ने जीत हासिल की है। यही वजह है कि इस अभ्यास मैच में ओमान को जीत हासिल करनी है तो कड़ी मेहनत करनी पड़ेगी।इस प्रकार हैं दोनों टीमेंअफगानिस्तानः रहमानुल्लाह गुरबाज (विकेटकीपर), इब्राहिम जदरान, अजमतुल्लाह उमरज़ॉई, नजीबुल्लाह जदरान, गुलबदीन नैब, मोहम्मद नबी, राशिद खान (कप्तान), करीम जनत, मुजीब उर रहमान, नूर अहमद, नवीन-उल-हक, फजलहक फारूकी, फरीद अहमद मलिक, मोहम्मद इशाक, नांगेयालिया खरोटे।

ओमानः कश्यप प्रजापति, नसीम खुशी (विकेट कीपर), आकिब इलियास (कप्तान), खालिद कैल, जीशान मकसूद, शोएब खान, अयान खान, रफीउल्लाह, मोहम्मद नदीम, मेहरान खान, बिलाल खान, कलीमुल्लाह, फैयाज बट, शकील

# अभ्यास मैच में प्लेयर्स पड़े कम, सिलेक्टर-कोच ने संभाला मोर्चा

समाचार गेट/एजेंसी

इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल यानी आईसीसी किसी भी बड़े टूर्नामेंट से पहले अभ्यास मैचों का आयोजन करती है। यह इसलिए किया जाता है, ताकी सभी टीमें परिस्थिति को समझ लें। उसके हिसाब से तैयारी कर लें और खिलाड़ी फॉर्म पा ले, जिससे टीमों को अपनी-अपनी प्लेइंग-11 चुनने में मदद मिले। हालांकि, इस फायदे से इस बार ऑस्ट्रेलियाई टीम वंचित दिख रही है। ऐसे में खिलाड़ियों की कमी के कारण ऑस्ट्रेलिया को नामीबिया के खिलाफ टी20 विश्व कप के अभ्यास मैच में मुख्य चयनकर्ता और मुख्य कोच सहित सहयोगी स्टाफ के चार सदस्यों को मैदान पर उतराना पड़ा, लेकिन इसके बावजूद टीम ने आसान जीत दर्ज की।

ऑस्ट्रेलिया ने डेविड वॉर्नर की 21 गेंद में नाबाद 54 रन की पारी के अलावा फिट हो चुके जोश हेजलवुड (पांच रन पर दो विकेट) तथा लेग स्पिनर एडम जंपा (25 रन पर तीन विकेट) की प्रभावी गेंदबाजी से सात विकेट से जीत दर्ज की। टीम ने नामीबिया के 119 रन के लक्ष्य को 10 ओवर शेष रहते हासिल कर लिया। दो महीने लंबे आईपीएल में हिस्सा लेने के बाद पैट कमिंस, ट्रैविस हेड, मिशेल स्टार्क , कैमरन ग्रीन, मार्कस स्टोइनिस और ग्लेन मैक्सवेल को स्वदेश में ब्रेक दिया गया है और ऐसे में मुख्य चयनकर्ता और पूर्व कप्तान जॉर्ज बैली तथा मुख्य कोच एंड्रयू मैकडोनाल्ड को क्षेत्ररक्षण के लिए मैदान पर




उतरना पड़ा। बैली और मैकडोनाल्ड के अलावा 46 साल के क्षेत्ररक्षण कोच आंद्रे बोरोवेच को भी क्षेत्ररक्षण के लिए आना पड़ा। ऑस्ट्रेलिया के कप्तान मिशेल मार्श ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला किया। मार्श और हेजलवुड जब ड्रेसिंग रूम में लौटे तो मैकडोनाल्ड और 49 साल के बल्लेबाजी कोच ब्रेड हॉज को मैदान पर आना पड़ा। तीन महीने में अपना पहला मैच खेलने वाले हेजलवुड अच्छी लय में दिखे।हेजलवुड ने मंगलवार को मैच के बाद कहा- बेशक हमारे पास पूरे खिलाड़ी नहीं थे लेकिन जो खिलाड़ी खेले उनमें से संभवतः कुछ को बड़े ब्रेक के बाद मैच खेलने की जरूरत थी। ऑस्ट्रेलिया के टेस्ट और एकदिवसीय कप्तान कमिंस, हेड और स्टार्क चेन्नई में रविवार को हुए आईपीएल फाइनल का हिस्सा थे।

## भारत में इंडियन प्रीमियर लीग के 2024 सीजन के प्लेऑफ और फाइनल में खेलने वाले कुछ प्लेयर्स टीम से नहीं जुड़ पाए हैं

# पाकिस्तान, श्रीलंका और नेपाल की कंबाइंड जीडीपी पर भारी हमारी एलआईसी

समाचार गेट/एजेंसी

**नई दिल्ली**। शेयरों में हाल में आई उछाल के बाद देश की सबसे बड़ी इंश्योरेंस कंपनी एलआईसी (स्ट्र्ष्ट) का एसेट अंडर मैनेजमेंट 50 लाख करोड़ रुपये के पार पहुंच गया है। यह पाकिस्तान की इकॉनमी के साइज से करीब दोगुना है। ताजा आंकड़ों के मुताबिक एलआईसी का एसेट अंडर मैनेजमेंट पिछले साल से मुकाबले मार्च के अंत में 16.48 फीसदी की तेजी के साथ 51,21,887 करोड़ रुपये यानी करीब 616 अरब डॉलर पहुंच गया। फाइनेंशियल ईयर 2023 के अंत में यह 43,97,205 करोड़ रुपये था। आईएमएफ के आंकड़ों के मुताबिक पाकिस्तान की जीडीपी 338.24 अरब डॉलर है। इस तरह देखें तो एलआईसी का एसेट अंडर मैनेजमेंट पाकिस्तान की इकॉनमी से करीब दोगुना है।लआईसी के फंड का साइज पाकिस्तान (338 अरब डॉलर), नेपाल (44.18 अरब डॉलर) और श्रीलंका (74.85 अरब डॉलर) की कंबाइंड जीडीपी से अधिक है। फाइनेंशियल ईयर 2024 में एलआईसी का प्रॉफिट 40,676 करोड़ रुपये रहा और उसकी टोटल प्रीमियम इनकम 4,75,070 करोड़ रुपये रही। भारत के लाइफ इंश्योरेंस बिजनस में इस कंपनी ही हिस्सेदारी करीब 59 परसेंट है। अब कंपनी हेल्थ इंश्योरेंस सेक्टर में भी उतरने की तैयारी में है। एलआईसी मार्केट कैप के हिसाब से देश की सातवीं सबसे बड़ी कंपनी है। इसका मार्केट कैप 6.46 लाख करोड़ रुपये है। पिछले छह महीने में इसके शेयरों में करीब 52 फीसदी तेजी आई है। इसमें सरकार की 96.5 फीसदी हिस्सेदारी है।खस्ताहाल पाकिस्तानभारत की इकॉनमी जहां तेजी से बढ़ रही है, वहीं पाकिस्तान सबसे खराब आर्थिक हालात का सामना कर रहा है। पिछले महीने पाकिस्तान डिफॉल्ट होने से बाल-बाल बचा था। आईएमएफ का कहना है कि पाकिस्तान को अपने कर्ज के भुगतान में मुश्किल हो सकती है। राजनीतिक अस्थिरता और सामाजिक तनाव बढ़ने से देश की हालत और खस्ता हो सकती है। पाकिस्तान को अगले पांच साल में 123 अरब डॉलर का भुगतान करना है। उसे 2024-25 में 21 अरब डॉलर, 2025-26 में 23 अरब डॉलर, 2026-27 में 22 अरब डॉलर, 2027-28 में 29 अरब डॉलर और 2028-29 में 28 अरब डॉलर का भुगतान करना है।

# शेयर बाजार में चार साल की तेजी ने बढ़ाया एसआईपी कल्चर

**नई दिल्ली**। कोविड के कारण लागू किए गए लॉकडाउन के चलते लाखों आम लोग दफ्तर जाने से बच गए। इस दौरान वर्क फ्रॉम होम का चलन बढ़ा। इसके साथ ही इसी दौरान सीधे स्टॉक मार्केट, म्यूचुअल फंड में निवेश करने वाले लोगों की संख्या में बडी तेजी से इजाफा हुआ। ऐसे में भारत में हाउसहोल्ड सेविंग का इस्तेमाल कैसे किया जाता है, इसमें एक बडा बदलाव देखने को मिला। आम लोग महंगाई से मुकाबला करने के लिए शेयरों में निवेश को सबसे अच्छा विकल्प मानने लगे। फ्रैंकलिन टेम्पलटन के आंकडों के मुताबिक, म्यूचुअल फंड के कुल असेट में से इक्विटी की हिस्सेदारी अप्रैल 2023 में 60त्न तक पहुंच गई। यह दिसंबर 2020 में 39.2त्न थी। इसी अविध में म्यूचुअल फंडों की ए यू एम रू ?31.02 लाख करोड़ से बढकर ?57.26 लाख करोड़ हो गई।

वाइस चेयरमैन और सीईओ स्वरूप मोहंती का कहना है कि शेयर बाजार में निवेश करने वालों में अब आम लोगों की हिस्सेदारी बढकर 60त्न हो गई है। लोग म्यूचुअल फंड के जरिए इक्विटी में निवेश कर रहे हैं और इसी वजह से शेयर बाजार में निवेश बढ रहा है।

फाइनेंसियल प्लानर्स का कहना है कि हाल के दिनों में सिस्टेमैटिक इन्वेस्टमेंट प्लान का चलन बढा है। इसका भी इक्विटी में निवेश बढने में बडा योगदान है। स्ढ्ढक्क के जरिए लोग धीरे-धीरे और लगातार शेयरों में निवेश करते हैं, जिससे वे अपने लॉन्ग टर्म गोल को पूरा कर सकें।इक्विटी में लोगों का बढ़ा भरोसाप्लान अहेड वेल्थ मैनेजर्स के संस्थापक विशाल धवन कहते हैं कि स्ढ्ढक्क का चलन लोगों में बहुत पसंद किया जा रहा है।

# कभी टाटा के बेहद करीब था यह परिवार, आज डूबा है कर्ज में

समाचार गेट/एजेंसी

**नई दिल्ली** । टाटा ग्रुप देश का सबसे बड़ा औद्योगिक घराना है। इसका कारोबारी नमक से लेकर सॉफ्टवेयर तक फैला है। इसकी होल्डिंग कंपनी टाटा संस में टाटा ट्रस्ट्स की 66 फीसदी हिस्सेदारी है। लेकिन मिस्त्री परिवार की कंपनी एसपी ग्रुप की इसमें 18.5 फीसदी हिस्सेदारी है। यह परिवार टाटा संस का सबसे बड़ा इंडिविजुअल शेयरहोल्डर है। लेकिन परिवार ने अपनी पूरी हिस्सेदारी बैंकों के पास गिरवी रखी है। अब एसपी ग्रुप अपने दो अरब डॉलर से अधिक के कर्ज को रिफाइनेंस करने के लिए टाटा संस के शेयरों को रोल ओवर करने की योजना बना रहा है। इससे चिंतित टाटा ट्रस्ट्स ने पहली बार आधिकारिक तौर पर कहा है कि ये शेयर नॉन-ट्रांसफेरेबल हैं। ट्रस्ट्स को




इस बात की चिंता है कि अगर एसपी ग्रुप कर्ज के भुगतान में डिफॉल्ट करता है तो भविष्य में समस्या हो सकती है।

टाटा ट्रस्ट्स के चीफ एग्जीक्यूटिव सिद्धार्थ शर्मा ने यह सबको पता है कि टाटा संस के शेयर फ्रीली ट्रांसफेरेबल नहीं हैं। मिस्त्री परिवार द्वारा प्रमोटेड एसपी ग्रुप की दो एंटिटीज के जरिए टाटा संस में 18.5 फीसदी हिस्सेदारी है। ग्रुप नेएरेस और फरालोन जैसे निजी क्रेडिट फंडों से पैसा लेने लिए टाटा संस में अपनी पूरी हिस्सेदारी गिरवी रख दी है। साथ ही उसे अगले तीन महीने में अलग से एक भुगतान और मौजूदा उच्च लागत वाली उधारी को रिफाइनेंस करने के लिए पैसों की जरूरत है। बैंक भी इस बात का आकलन कर रहे हैं कि टाटा संस के गिरवी शेयरों को आगे भी गिरवी रखा जा सकता है या नहीं। इसकी वजह यह है कि इस बारे में स्थिति स्पष्ट नहीं है। हालांकि उनके लिए यह राहत की बात है कि शेयरों को पहले तीन बार गिरवी रखा जा चुका है।किससे लिया है कर्जएसपी ग्रुप ने कोलेट्रल के रूप में एिडशनल एसेट्स की पेशकश की है।

दो अरब डॉलर से अधिक का कर्ज के लिए उसकी अभी पावर फाइनेंस कॉर्प के साथ बातचीत कर रहा है। एसपी ग्रुप ने इस बारे में पूछे गए सवालों का जवाब नहीं दिया।

एक सूत्र ने बताया कि टाटा ट्रस्ट्स का बोर्ड इन शेयरों के बैंकों के बीच रोलओवर से चिंतित है।

एसपी ग्रुप के टाटा संस के शेयरों की इक्विटी को भुनाने को टाटा ट्रस्ट्स

# मोटा मुनाफा कमाना है तो मोदी स्टॉक्स पर दांव लगाइए

समाचार गेट/एजेंसी

**नई दिल्ली**। मोदी सरकार की नीतियों के कारण कई कंपनियों को फायदा हो रहा है। निवेशकों ने इनके लिए एक नई कैटगरी ईजाद की है। इन शेयरों को मोदी स्टॉक्स नाम दिया गया है। ग्लोबल ब्रोकरेज फर्म सीएलएसए ने 54 मोदी स्टॉक्स की एक लिस्ट जारी की है। इन कंपनियों को मोदी सरकार की नीतियों से फायदा हुआ है। इसमें करीब आधी सरकारी कंपनियां शामिल हैं। इस लिस्ट में एलएंडटी, एनएचपीसी, पीएफसी, ओएनजीसी, आईजीएल, महानगर गैस, भारती एयरटेल, इंडस टावर्स और रिलायंस इंडस्ट्रीज शामिल हैं। मोदी स्टॉक्स में शामिल 90 फीसदी शेयरों ने पिछले छह महीनों के दौरान निफ्टी से बेहतर रिटर्न दिया है।



सीएलएसए के एनालिस्ट्स का कहना है कि अगर चार जून को लोकसभा चुनावों के नतीजे बीजेपी के पक्ष में आते हैं तो इन शेयरों में तेजी का दौर आगे भी जारी रहेगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सरकारी कंपनियों को लेकर काफी मुखर रहे हैं। पिछले साल उन्होंने लोकसभा में एक चर्चा के दौरान निवेशकों को गुरु मंत्र देते हुए सरकारी शेयर खरीदने की सलाह दी थी। मोदी ने कहा था, शेयर मार्केट में रुचि रखने वालों के ये गुरु मंत्र है कि जिन सरकारी कंपनियों को विपक्ष वाले गाली दें, आप उसपे दांव लगा दीजिए सब अच्छा होने वाला है। आकर्षक वैल्यूएशन, हाई डिविडेंड यील्ड, ऑर्डर बुक में तेजी और सरकारी सपोर्ट के कारण पिछले कुछ सालों में सरकारी शेयरों में निवेशकों की दिलचस्पी जागी है।

समाचार गेट
TITLE CODE: HARHIN11569

स्वामी (मुद्रक, प्रकाशक) रवीना यादव द्वारा साई प्रिंटिंग प्रेस, सेक्टर-6 नोएडा 201301, उत्तर प्रदेश से मुद्रित करवाकर कार्यालय मकान नंबर 2, नियर सेक्टर-61, विलेज मलेरना, बल्लभगढ़ फरीदाबाद, (हरियाणा) से प्रकाशित किया। संपादक, कृष्णा शर्मा। सम्पादकीय कार्यालयः मकान नंबर 2, नियर सेक्टर-61, विलेज मलेरना, बल्लभगढ़ फरीदाबाद, (हरियाणा) पीआरबी एक्ट के अंतर्गत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। सभी विवादों का न्याय क्षेत्र फरीदाबाद न्यायालय होगा। कानूनी सलाहकारः ब्रह्मदत्त शर्मा, 9818180269, ईमेल : samachargate@gmail.com

# दूसरे प्री-वेडिंग फंक्शन को लेकर सुर्खियों में बनी हुई हैं नीता अंबानी

समाचार गेट/भावना कोशिश



नई दिल्ली। नीता अंबानी इन दिनों अपने छोटे बेटे अनंत अंबानी और राधिका मर्चेंट के दूसरे प्री-वेडिंग फंक्शन को लेकर सुर्खि यों में बनी हुई हैं, तो अक्सर ही वह अपने लुक्स के चलते भी चर्चा में आ जाती हैं। नीता की उम्र भले ही 60 साल है, लेकिन वह खुद को एकदम फिट रखती हैं और ऐसे में उनके फैशन सेंस लोग काफी पसंद करते हैं। लेकिन, क्या आप जानते हैं कि उनकी देवरानी स्टाइल के मामले में उन्हें कड़ी टक्कर देती हैं। यही नहीं एक दौर ऐसा भी था, जब वह बॉलीवुड में अपनी एिक्टंग से छा जाती थीं। दरअसल, हम मुकेश अंबानी के छोटे भाई अनिल अंबानी की पत्नी टीना अंबानी की बात कर रहे हैं। जिन्होंने कई बड़े सितारों के साथ फिल्मों में काम किया है। अब है तो नीता और टीना में जेठानी और देवरानी का रिश्ता, लेकिन टीना 7 साल बड़ी हैं। लेकिन, इसके बाद भी वह स्टाइल के मामले में किसी से कम नहीं हैं। यहां वह मुकेश, नीता और अपने पति अनिल के साथ नजर आ रही हैं, जिन्हें देखकर साफ पता चलता है कि फैशन के मामले में वह कोई कसर नहीं छोड़ती हैं। एक ओर गोल्डन और रेड गाउन में उनका वेस्टर्न लुक देखने को मिल रहा है, तो दूसरी ओर लैवेंडर साड़ी में वह खूबसूरत लग रही हैं।

टीना इन तस्वीरों में नीता के छोटे बेटे अनंत और बड़ी बहुरानी श्लोका मेहता के साथ नजर आ रही हैं। सुर्ख लाल साड़ी में हसीना काफी खूबसूरत लग रही हैं। गोल्डन सितारों से सजी बॉर्डर वाली इस साड़ी का ब्लाउज हैवी कढ़ाई वाला है। इसे उन्होंने मांग टीका, झुमके, चोकर और एक नेकलेस के साथ स्टाइल किया है। दूसरी ओर उन्होंने येलो प्रिंटेड साड़ी को एमरॉल्ड जूलरी के साथ पहना है। दोनों ही लुक में रेड बिंदी और रेड लिपिस्टक कमाल की लग रही है। टीना का साड़ी कलेक्शन काफी शानदार है और उन्हें कई इवेंट्स में साड़ी में देखा जाता है। वह हर फंक्शन के हिसाब से अपने लुक को डिसाइड करती हैं। रेड बॉर्डर वाली साड़ी को उन्होंने पर्ल्स नेकलेस से स्टाइल किया है,तो ऑरेंज बनारसी साड़ी में एमरॉल्ड की जूलरी और मैसी बन के साथ उनका लुक परफेक्ट है। वहीं, फ्लोरल और हंसों के प्रिंट वाली साड़ी में खुले बालों के साथ वह सुंदर लग रही हैं।

# डेडिकेशन और जिंदगी के लिए प्यार के दम पर लाइफ को ऐसा रूप दिया

समाचार गेट/एजेंसी



नई दिल्ली। काजोल ऐसी अदाकारा हैं, जिन्होंने अपने डेडिकेशन और जिंदगी के लिए प्यार के दम पर लाइफ को ऐसा रूप दिया है, जिसे देखकर तो यंग एक्टर्स भी रश्क खा जाएं।

लाइफ को बिंदास होकर जीना और बढ़ती उम्र को महज नंबर बना देना, काजोल को बखूबी आता है और उनकी यही चीज दूसरों को भी अपनी जिंदगी को खुलकर जीने की प्रेरणा देती है। इसी चीज की फीलिंग देता लेटेस्ट उदाहरण उनका वो लुक बना है, जो दोस्त की बर्थडे पार्टी में नजर आया था और इसकी तस्वीरों पर फैन्स ने भी जमकर प्यार लुटाया था।

एक ओर जहां महिलाएं 30 क्रॉस करते ही कपड़ों को लेकर कुछ बंदिशें लगा लेती हैं, वहीं काजोल तो हर बार अपने लुक में न्यूनेस का तड़का लगाती दिखती हैं। इस बार भी मामला कुछ अलग नहीं रहा।

सुपर टैलेंटिड एक्ट्रेस ने करण की बर्थडे पार्टी के लिए फ्यूजन टच वाला अटायर चुना था, जो उनके कर्वी फिगर पर कमाल का लगा और दूसरी महिलाओं को भी गोल्स दे गया।

इसके ऊपर काजोल ने कई कलर्स के प्रिंट से सजा श्रग पहना था, जो लुक को और ज्यादा ऐज दे रहा था। इसका फ्री पैटर्न स्टाइल कोशन्ट हाई करने में कामयाब रहा।

ये पूरा कॉम्बिनेशन ऐसा था, जो काजोल की चीयरफुल स्माइल के साथ मिलकर उनके ऑरा को सनशाइन इफेक्ट दे रहा था।उम्र बढ़ते-बढ़ते महिलाएं एकदम सोबर और कुछ हद तक बोरिंग फुटवेअर्स की आदी हो जाती हैं, लेकिन काजोल इस मामले में एकदम उलट हैं। इस बार के उनके चंकी हील्स वाले स्नीकर्स इसका एकदम परफेक्ट उदाहरण बनकर सामने आए हैं।

इस तरह के जूते पहनने की हिम्मत इस ऐज की कोई और महिला शायद ही दिखा पाए। और यही चीज तो काजोल को दूसरों से अलग और बिंदास बनाती है।

# सोनाक्षी एक्ट्रेस एक बिजनेस वुमन भी है



समाचार गेट/एजेंसी

ओ टी टी पर नए शोज और सीरीज की दुनिया में एक नया परिवर्तन आया है। यदि आपने गौर किया हो, तो पाएंगे कि अचानक क्राइम-थ्रलिर वेब सीरीज की संख्या बढ़ने लगी है। जाहिर तौर पर ऐसा इसलिए भी है कि दर्शकों की इसमें दिलचस्पी है। इसी कड़ी में एक नई वेब सीरीज आ रही है, नाम 36 डेज है। खूबसूरत नेहा शर्मा, दमदार पूरब कोहली, अमृता खानविलकर और शारिब हाशमी जैसे सितारों से इस सीरीज का ट्रेलर मंगलवार को रिलीज कर दिया गया है और यह दिलचस्पी बढ़ाने वाला है।

करीब डेढ़ मिनट के इस ट्रेलर की शुरुआत नेहा शर्मा से होती है। पता चलता है कि मोहल्ले में नई पड़ोसी आई है। अब मर्दों का दिल धड़कने लगता है। दोस्ती बढ़ाने की कोशशि होने लगती है। लेकिन इसी बीच यह भी महसूस होता है कि जो वो दिख रही है, वो नहीं है। या फिर, वो कुछ और ही है। इसके बाद फरेब, धोखा, खून और आपसी रंजिश का खेल शुरू हो जाता है। जाहिर तौर पर पूरी कहानी क्या है, यह देखने के लिए सीरीज की रिलीज का इंतजार करना होगा।कब और कहां देख सकेंगे वेब सीरीज 36 डेज 36 डेज वेब सीरीज ह्वञ्ज प्लेटफॉर्म स्थ्ठ4 स्ढ्ढङ्क पर स्ट्रीम की जाएगी। हालांकि, अभी इसके रिलीज डेट का ऐलान नहीं हुआ है। मेकर्स ने ट्रेलर रिलीज करते हुए यूट्यूब पर कैप्शन में लिखा है, हर कहानी के तीन पहलू होते है- एक आप क्या सोचते हैं, दूसरा मैं क्या सोचता हूं और तीसरा कि सच क्या है। लेकिन क्या हो, अगर सच कहीं दूर दीवारों के पीछे छुपा बैठा हो। 36 डेज की कास्टवेब सीरीज में नेहा शर्मा, पूरब कोहली, श्रुति सेठ, चंदन रॉय सान्याल, शारिब हाशमी और अमृता खानविलकर के साथ सुशांत दिविगकर भी हैं। फिलहाल, आप भी ट्रेलर का आनंद लीजिए। रिलीज डेट के सामने आते ही हम आपको उसके बारे में भी जानकारी देंगे।

# मुनव्वर फारूकी और नई बेगम महजबीन कोटवाला निकाह के बाद पहली बार दिखे साथ

समाचार गेट/एजेंसी



हाल ही ऐसी खबरें आ रही थीं कि मुनव्वर फारूकी ने दूसरा निकाह कर लिया है। यह तक दावा किया जाने लगा कि मुनव्वर ने जिससे शादी की है, उनका नाम महजबीन कोटवाला है, और वह पेशे से एक मेकअप आर्टिस्ट हैं। लेकिन मुनव्वर की दूसरी बेगम की कोई तस्वीर सामने नहीं आई थी। लेकिन अब न्यूली वेड मुनव्वर फारूकी और उनकी बेगम की साथ में दो तस्वीरें सामने आई हैं, और यह भी क्लियर हो गया है कि मुनव्वर ने जिससे शादी की है, वह महजबीन कोटवाला ही हैं।

इंस्टाग्राम पर शेयर की गईं तस्वीरों में मुनव्वर फारूकी और महजबीन कोटवाला साथ में पोज दे रहे हैं। एक तस्वीर में दोनों साथ मिलकर केक काटते नजर आ रहे हैं। ये तस्वीरें सोशल मीडिया पर वायरल हो रही हैं, और फैंस कपल को शादी की बधाई दे रहे हैं।लोनावला में हैं मुनव्वर फारूकी, बेटे के बर्थडे की पार्टी

रिपोर्ट्स के मुताबिक, मुनव्वर फारूकी फिलहाल लोनावला गए हैं, जहां वह बेटे मिकेल का बर्थडे सेलिब्रेट करेंगे। उन्होंने एक बर्थडे पार्टी भी रखी है, जिसमें परिवार के अलावा दोस्त शामिल होंगे।मुनव्वर फारूकी के रिसेप्शन में सलमान और कई सितारे!

एफ3न्यूज की रिपोर्ट के मुताबिक, मुनव्वर फारूकी एक शानदार वेडिंग रिसेप्शन भी रखेंगे, जिसमें फिल्मी सितारों को भी आमंत्रित किया जाएगा। इसमें सलमान खान भी शामिल हो सकते हैं। एक पार्टी उन्होंने करीबी दोस्तों और रिश्तेदारों के लिए भी रखी थी, जिसमें हिना खान के भी शामिल होने की खबरें आईं।हिना खान ने दिया था मुनव्वर के निकाह का हिंट

हिना ने इंस्टा स्टोरी पर एक पोस्ट किया था, जिसमें बैकग्राउंड में गाना बज रहा था-मेरे यार की शादी है। मुनव्वर फारूकी ने महजबीन कोटवाला से 26 मई को आईटीसी ग्रैंड सेंट्रल में निकाह किया था।मुनव्वर की पहली शादी और बेटा, मेहजबीन भी तलाकशुदा

एक रिपोर्ट में यह भी दावा किया गया है कि महजबीन कोटवाला तलाकशुदा हैं और उनकी एक बेटी भी है।

यह मुनव्वर फारूकी और महजबीन कोटवाला दोनों की ही दूसरी शादी है। मुनव्वर फारूकी ने पहली शादी जैस्मिन से की थी, जिससे उन्हें एक बेटा है। लेकिन दोनों का साल 2022 में तलाक हो चुका है।

# सोशल मीडिया हैंडल पर फरीदाबाद के ऑफिस का पता मिला

समाचार गेट/एजेंसी




गुरुग्राम। विदेश भेजने के नाम पर मानव तस्करी और भारतीयों को साइबर ठगों के हवाले करने के लिए यूट्यूबर बॉबी कटारिया ने गुरुग्राम के अलावा अन्य शहरों में भी ऑफिस खोले हुए हैं। इसकी कंपनी एमबीके ग्लोबल के ऐसे दो ऑफिस गुरुग्राम के अलावा फरीदाबाद और राजस्थान के सीकर शहर में पता चले हैं। ग्रेटर फरीदाबाद सेक्टर-81 के पुरी 81 बिजनेस हब की शॉप में इसका ऑफिस है। इसके अलावा राजस्थान सीकर में कल्याण सर्कल पर नटराज होटल के पास एएमआर प्लाजा में एक शॉप में इसका ऑफिस है। गुरुग्राम के सेक्टर-109 में द्वारका एक्सप्रेसवे किनारे बने कांसियेंट वन मॉल में इसके ऑफिस पर रेड कर सोमवार को आरोपी को अरेस्ट किया गया।नैशनल इंवेस्टिगेशन एजेंसी (एनआईए), सेक्टर-10 क्राइम ब्रांच और बजघेड़ा थाना की संयुक्त टीम ने एनआईए के इनपुट के आधार पर सोमवार को ये कार्रवाई की। सेक्टर-10 क्राइम ब्रांच इंचार्ज एसआई प्रमोद कुमार की अगुवाई में टीम ने आरोपी बलवंत उर्फ बॉबी कटारिया को अरेस्ट किया। इसके पास से 20 लाख रुपये नकद और 4 मोबाइल और कुछ दस्तावेज बरामद किए गए। आरोपी को इसके ऑफिस से अरेस्ट करने के बाद एनआईए की टीम ने भी काफी देर तक इससे पूछताछ की। जिसमें कई अहम जानकारी एनआईए ने जुटाई। यहां से एनआईए टीम आरोपी को क्राइम ब्रांच के हवाले कर चली गई। अब सेक्टर-10 क्राइम ब्रांच टीम आरोपी से पूछताछ कर रही है। एनआईए ने सोमवार को गुरुग्राम के अलावा कई अन्य राज्यों में भी वहां की पुलिस के साथ मिलकर रेड की। इस दौरान 5 आरोपियों को अरेस्ट किया गया। इन सभी पर आरोप है कि ये मानव तस्करी और साइबर ठगों की मदद के लिए भारतीयों को विदेश में नौकरी लगवाने का झांसा देकर यहां से भेजते थे। गुजरात के वडोदरा, बिहार गोपालगंज, दिल्ली साउथ वेस्ट एरिया, गुड़गांव और चंडीगढ़ से इन 5 आरोपियों को अरेस्ट किया गया। इनमें कई लोगों से पुलिस टीम ने संपर्क किया है। जिनसे पूछताछ में पता चला है कि आरोपी ने कुछ लोगों को विदेश भेजा था जबकि कई से अभी तक सिर्फ रजिस्ट्रेशन ही कराया और उन्होंने आगे रुपये देने से मना कर दिया था। इसके साथ ही आरोपी से बरामद हुए 4 मोबाइल की भी डिटेल पुलिस टीम खंगाल रही है। ताकि इनसे भी रेकॉर्ड निकाल चेक किया जा सके कि कितने लोगों से इस तरह ठगी ये आरोपी कर चुका है।

# किसी न किसी वजह से चर्चा में बनी रहती हैं :एक्ट्रेस हानिया

समाचार गेट/एजेंसी

नई दिल्ली7 हानिया की सिर्फ अपने देश में ही नहीं, भारत में भी तगड़ी फैन फॉलोइंग है और ऐसे में उनके लुक्स भी सोशल मीडिया पर छाए रहते हैं।



## यही नहीं वह अपनी मुस्कान से भी सबका दिल जीत रही हैं।

यही नहीं रैपर बादशाह के साथ उनकी दोस्ती ने भी खूब लाइमलाइट बटोरी थी। इस सबके बीच अब हसीना का दुल्हन की तरह सज-धजकर लुक सामने आया है।

जिसमें वह बला की खूबसूरत लग रही हैं।

लेकिन, क्या आपको पता है कि अपनी क्यूटनेस से लोगों के दिलों की धड़कने बढ़ाने वाली हानिया को पाकिस्तान की डिंपल गर्ल भी कहा जाता है। यही नहीं वह अपने अंदाज से भारत की डिंपल गर्ल यानी प्रीति जिंटा को भी फेल कर देती हैं।

यहां हसीना ने पाकिस्तानी के मशहूर डिजाइनर आसिफ जोफा के जगमग कलेक्शन के कपड़े पहने हैं।

# जुनैद खान स्टारर फिल्म महाराज का पोस्टर


समाचार गेट/एजेंसी



नई दिल्ली। आमिर खान के बेटे जुनैद खान और जयदीप अहलावत स्टारर फिल्म महाराज के पोस्टर के साथ उसकी रिलीज डेट भी सामने आ गई है। ये जुनैद की डेब्यू फिल्म है। इसका फर्स्ट लुक आते ही, इंटरनेट पर वह चारों तरफ वायरल हो गया। आइए आपको बताते हैं कि आप ये मूवी कब और कहां देख सकते हैं। उनके पापा यानी आमिर खान का काम तो सभी ने पसंद किया है। अब वह भी फिल्मी पर्दे पर नजर आने वाले हैं। हालांकि डेब्यू मूवी थिएटर में रिलीज नहीं कि जा रही है। इसे ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम कराया जाएगा। 14 जून से आने वाली ये मूवी सच्ची घटनाओं पर बनी है और 1800 के दशक पर आधारित है। इसमें दिखाया गया है कि कैसे एक आम इंसान लोगों की और समाज की मदद करता है।इसका निर्माण वाईआरएफ एंटरटेनमेंट के बैनर तले आदित्य चोपड़ा ने किया है। फिल्म के पोस्टर को शेयर करते हुए कैप्शन में लिखा है, एक शिक्तशाली व्यक्ति और एक निडर पत्रकार के बीच सच्चाई की लड़ाई। सच्ची घटनाओं पर आधारित है महाराज। 14 जून को रिलीज होने वाली फिल्म महाराज में करसनदास मूलजी की बहादुरी को दिखाने की को-शिश की गई है। पत्रकार और समाज सुधारक करसनदास मूलजी महिला अधिकारों और सामाजिक सुधार की हमेशा वकालत करते थे। यही सब इस मूवी में देखने को मिलेगा।

# जान्हवी ने इस फिल्म को प्रमोट करने का एक भी मौका नहीं छोड़ा

समाचार गेट/एजेंसी



नई दिल्ली। बॉलीवुड एक्ट्रेस जान्हवी कपूर इन दिनों अपनी फिल्म मिस्टर एंड मिसेज माही को लेकर काफी चर्चा में बनी हुई हैं। जान्हवी इस फिल्म को प्रमोट करने का एक भी मौका नहीं छोड़ रही हैं। अपनी इसी फिल्म के प्रमोशन को लेकर वह द ग्रेट इंडियन कपिल शो के नए एपिसोड में को-स्टार राजकुमार राव के साथ नजर आईं। इस दौरान जान्हवी ने अनंत अंबानी और राधिका मर्चेंट की प्री वेडिंग का किस्सा सुनाया, जहां उन्होंने ग्लोबल पॉप स्टार रिहाना के साथ जिंगाट ट्रैक पर खूब डांस किया था।

जान्हवी कपूर ने रिहाना के साथ जिंगाट ट्रैक पर डांस किया था जिस्के बाद सोशल मीडिया पर ये वीडियो खूब चर्चा में रहा था। जान्हवी ने उसी वीडियो के बारे में बातें की।

मार्च में जान्हवी कपूर ने अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर रिहाना के साथ एक वीडियो शेयर किया था। वीडियो में वह रिहाना के साथ फिल्म धड़क के गाने झिंगाट पर डांस करती नजर आईं।

इस पर लोगों ने जमकर रिएक्शन दिए थे।

अजय गोगावले और अतुल गोगावले द्वारा गाया गया गाना जिंगाट जान्हवी की पहली फिल्म धड़क से है।

जान्हवी कपूर स्टारर एस्ट्रोवालिया फिल्म मिस्टर एंड मिसेज माही की कहानी फिल्म क्रिकेट पर बेस्ड है।

जान्हवी कपूर और राव की जोड़ी इससे पहले हॉरर-कॉमेडी मूवी रूही अफजान में साथ नजर आई थीं। मिस्टर एंड मिसेज माही 31 मई, 2024 को रिलीज होगी।